




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 83 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 23 दिसम्बर 2025 डाक 24 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

मिस इंटरनेशनल 2025 रूश सिंधु ने लखनऊ में लैक्मे एकेडमी का दौरा किया।



**देश-विदेश**

महाराष्ट्र निकाय चुनाव रिजल्ट ने बदला गेम, राउत-राहुल की फोन पर बातचीत, 15 जनवरी को क्या होगा?



**फीचर पेज**

घर को साफ-सुथरा रखने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके, नहीं करनी पड़ेगी ज्यादा मेहनत




## भारत में चुनावी तंत्र में गड़बड़ी, राहुल गांधी के जर्मनी में दिए बयान पर बीजेपी ने कहा- कांग्रेस को देश की प्रगति से नफरत



**नईदिल्ली 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है। बीजेपी ने राहुल गांधी को उनके बर्लिन में दिए भाषण पर घेरा है और कांग्रेस नेता पर देश में अराजकता फैलाने के आरोप लगाए हैं। बीजेपी नेता प्रदीप भंडारी ने कहा कि कांग्रेस देश में अराजकता और अशांति फैलाना चाहती है। बीजेपी नेता प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी का वीडियो शेयर करते हुए कांग्रेस पार्टी पर हमला बोला है। प्रदीप भंडारी ने लिखा कि भारत के खिलाफ लड़ाई से लेकर अराजकता की धमकी तक, राहुल गांधी की कांग्रेस अपने वैचारिक संरक्षक जॉर्ज सोरोस के साथ भारतीय लोकतंत्र में अराजकता और अशांति चाहती है। बीजेपी प्रवक्ता ने आगे लिखा कि राहुल गांधी ऐसी ही भारत विरोधी ताकतों को एकजुट करने के लिए विदेश जाते हैं। प्रदीप भंडारी ने विपक्षी पार्टी पर आरोप लगाते हुए लिखा कि कांग्रेस भारतीय लोकतंत्र से नफरत करती है। कांग्रेस भारत की तरक्की से नफरत करती है। प्रदीप भंडारी ने आगे लिखा कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता नहीं हैं, बल्कि वह एक भारत विरोधी नेता हैं, जो विदेश जाते हैं और भारत के खिलाफ बोलते हैं। लेकिन वह ऐसा करके क्या पाना चाहते हैं। वह अभी भी एक बच्चे की तरह काम करते हैं, न कि किसी नेता की तरह। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला है।

बीजेपी नेता ने कहा कि राहुल गांधी ने फिर एक बार साबित कर दिया है कि वे विपक्ष के नेता नहीं, बल्कि दुष्प्रचार के नेता हैं और पलायन के नेता हैं। शहजाद पूनावाला ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने हमारे देश का अपमान करने की कला में महारत हासिल कर ली है। बर्लिन में उन्होंने कहा कि हमने भारत की संस्थाओं पर कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में कुछ भी निष्पक्ष नहीं है। वे यह भी कहते हैं कि भारतीय लोग आपस में लड़ेंगे। पूनावाला ने कांग्रेस नेता पर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी का सिर्फ एक ही एजेंडा है, भारत विरोधी सोरोस के एजेंटों से मिलना, चाहे वह इल्हान उमर हों या सलिल शेट्टी।

ये लोग भारत के खिलाफ जहर उगलते हैं और विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बर्लिन के हर्टी स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान संबोधन देते हुए बीजेपी पर देश के संस्थागत ढांचे पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। राहुल गांधी ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला करार दिया था। राहुल ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रही है, जिसका सीधा फायदा बीजेपी को मिल रहा है।

## चुनाव आयोग आज तीन राज्यों की मतदाता सूची जारी करेगा, मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ और केरल में आएगा ड्राफ्ट




**नई दिल्ली 23 दिसम्बर।** चुनाव आयोग मंगलवार को केरल, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ की मसौदा मतदाता सूची सूची जारी करेगा। चुनाव आयोग 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कर रहा है। इस क्रम 23 दिसंबर को इन तीन राज्यों के अलावा केंद्र शासित राज्य अंडमान एवं निकोबार की भी मसौदा मतदाता सूची को जारी किया जाएगा। सभी सीईओ व डीईओ सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों को प्रस्तावित मतदाता सूचियों की प्रति साझा करेंगे। मसौदा सूची सीईओ और डीईओ की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएगी। इसमें अनुपस्थित, पलायन करने वाले और मृतक मतदाताओं के बारे में भी पूरी जानकारी होगी। इससे पहले निर्वाचन आयोग दो बार मतदाता सूची की डेडलाइन बढ़ा चुका है। विगत 30 नवंबर को चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की डेडलाइन बढ़ाने का ऐलान किया था। इसके मुताबिक 11 दिसंबर तक पुनरीक्षण चलना था। इसके बाद फिर से डेडलाइन बढ़ाई गई।

## विपक्ष ने शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की ड्यूटी पर उठाए सवाल, मिला ये जवाब



**लखनऊ, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सपा विधायक सचिन यादव ने कहा कि आज स्कूलों में 1.5 लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। आज का शिक्षक चुनाव ड्यूटी करता है, आज एसआईआर करा रहे हैं, मिडडे मिल चलाता है, यही नहीं हर मुसीबत में शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी जाती है। हर साल 12 हजार शिक्षक रिटायर हो रहे हैं। लेकिन, छह वर्ष से कोई भर्ती नहीं की गई। आरक्षण देना न पड़े, इसलिए भर्ती नहीं की जा रही है।

विपक्ष के सवालों के जवाब में मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि कोई स्कूल बंद नहीं किया गया है। सिर्फ एक किमी के दायरे के स्कूलों को जहां 50 से कम बच्चे थे, उन्हें मर्ज किया गया है। इससे स्कूलों में बच्चे बढ़े और शिक्षकों की भी संख्या बढ़ी। जो स्कूल खाली हुए थे, उनमें बाल वाटिका चलाई जा रही है, ना कि उन्हें बंद किया गया है। हमने शिक्षकों के तबादले की आनलाइन व्यवस्था की। इससे पारदर्शी तरीके से शिक्षकों का तबादला किया गया। कोई भी शिक्षक आनलाइन आवेदन करके म्युचुअल तबादला भी ले सकेगा। शिक्षकों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए कैशलेश इलाज की सुविधा की घोषणा की गई है। ब्रजेश कटारिया ने कहा कि आज गरीब आदमी अपने बच्चों को निजी स्कूल में भेजने के लिए मजबूर हैं। क्योंकि, शिक्षकों को डाटा एंट्री आपरेटर बना दिया गया है। जब शिक्षकों का फोकस दस्तावेजों पर होगा तो पढ़ाई कैसे होगी। विधायक डॉ रागिनी ने स्कूलों के मर्जर को लेकर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि सरकार कहती है कि बच्चों की कमी से स्कूल बंद किए गए। तो सवाल यह है कि आठ वर्षों में सरकार ने बच्चे बढ़ाने के लिए क्या योजना बनाई। स्कूलों में दो लाख शिक्षकों की कमी है। शिक्षामित्रों का समायोजन करने या मानदेय बढ़ाने पर सरकार कब कदम उठाएगी। शिक्षकों को बीएलओ बना दिया, वो गणना कर रहे हैं। सामूहिक विवाह में टीचर दुल्हन को ब्यूटी पार्लर लेकर जा रहे हैं। अलीगढ़ में शिक्षकों को कुत्ता गिनने में लगा दिया। इसके जवाब में मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के तहत पहले अंग्रेजी भाषा के तहत पठन-पाठन का कार्य किया गया था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद, मातृभाषा और स्थानीय भाषा और राष्ठ भाषा के आधार पर पढ़ाई कराई जा रही है। अग्रेजी को भी एक विषय के रूप में पढ़ाया जा रहा है। आपरेशन कायाकल्प के तहत हमने परिषदीय स्कूलों की तस्वीर बदली।

आज 65 फीसदी स्कूल फर्नीचर से युक्त हैं। इसके बाद विपक्ष ने परिषदीय स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए। अंग्रेजी न पढ़ाए जाने को लेकर सवाल पूछे। इसे जवाब में मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि पहले यह नरेगा था। चुनाव के समय इस पर महात्मा गांधी जोड़ा गया था। हमारी सरकार ने 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन रोजगार की गारंटी हो गई है। इसे विकसित भारत से जोड़ा जाएगा। फसल कटाई के दौरान 60 दिन मनरेगा का काम रोक दिया जाएगा। काम करने के सात दिन में ही भुगतान दिया जाएगा। सपा विधायक अनिल प्रधान ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने को लेकर सरकार को घेरा। कहा कि नई गाइडलाइन के तहत राज्यों पर ज्यादा भार आएगा। इससे मजदूरों के भुगतान पर भी समस्या आएगी। क्या सरकार काम करने के अगले महीने ही मजदूरों के भुगतान की व्यवस्था करेगी।

## कोहरे का कहर!

### लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर कई वाहन आपस में टकराए, दो की मौत- 10 घायल



**अमेठी, 23 दिसम्बर।**

लखनऊ वाराणसी हाईवे पर मुसाफिरखाना नगर के मंगलम स्कूल के करीब कोहरे के चलते हुए हादसे में दो की मौत हो गई। वहीं करीब 10 घायल हुए हैं। घने कोहरे के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए। लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग अमेठी रोड ओबरब्रिज पर पर चार ट्रक, एक कार व हरदोई डिपो की जनरथ बस घने कोहरे की वजह से आपस मे टकरा गई। तीन हाइड्रा, चार जेसीबी रेस्क्यू के लिए लगाई गई हैं। हादसे के बाद मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, सीओ अतुल सिंह, एसडीएम अभिनव कनौजिया, तहसीलदार राहुल सिंह मौजूद हैं। घायलों को मुसाफिरखाना सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया है। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा रात ढाई बजे के करीब हुआ है। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई।

## लोकायुक्त ने कई जगहों पर छापे मारे आय से अधिक संपत्ति का मामला

**बेंगलुरु 23 दिसम्बर।** कर्नाटक लोकायुक्त ने मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में कई सरकारी अधिकारियों के घरों और दफ्तरों पर एक साथ छापे मारे। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोपों के बाद की गई है। यह कोऑर्डिनेटेड ऑपरेशन बागलकोट, विजयपुरा, कारवार और रायचूर जिलों में किया गया। अधिकारियों से जुड़े बंगलों, घरों और दफ्तरों में तलाशी अभियान जारी है। बागलकोट जिले में, लोकायुक्त अधिकारियों ने जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के आवास पर छापा मारा। बागलकोट शहर और पड़ोसी गडग जिले के नरगुंड में उनके घरों पर तलाशी ली गई। इसी जिले में, बागेवाड़ी में कृषि विभाग के एक असिस्टेंट डायरेक्टर के आवास पर भी तलाशी ली गई। कारवार जिले में, लोकायुक्त अधिकारियों ने सिद्धापुर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के आवास पर छापा मारा। तलाशी के दौरान अधिकारियों ने दस्तावेजों और रिकॉर्ड की जांच की। रायचूर में, लोकायुक्त टीमों ने एक रिटायर्ड महिला असिस्टेंट इंजीनियर के आवास पर निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि ये छापे भ्रष्टाचार से जुड़े आरोपों की चल रही जांच का हिस्सा हैं। तलाशी अभियान जारी होने के कारण जब्त की गई चीजों और नतीजों के बारे में और जानकारी का इंतजार है। बता दें कि कर्नाटक लोकायुक्त के जासूसों ने 25 नवंबर को राज्य भर में 10 जगहों पर छापे मारे थे, जिसमें उन सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाया गया था जिन पर अपनी ज्ञात आय के स्रोत से ज्यादा संपत्ति जमा करने का आरोप था। ये छापे मांड्या, बीदर, मैसूरु, धारवाड़, हावेरी, बेंगलुरु, शिवमोग्गा और दावणगेरे जिलों में मारे जा रहे हैं। 7 नवंबर को, कर्नाटक लोकायुक्त ने जनता से कई शिकायतों के बाद बेंगलुरु में छह रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस में अचानक छापे मारे। छापे वाली जगहों में यशवंतपुर, राजाजीनगर, जयनगर, येलहंका, कस्तूरीनगर और केआर पुरम शामिल थे और बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आईं।

## बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त को किया तलब, भारत में विरोध प्रदर्शन के बाद टेंशन में यूनुस सरकार

**नईदिल्ली 23 दिसम्बर।**

विदेश मंत्रालय ने राजनयिक मिशनों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने द डेली स्टार को बताया कि विदेश सचिव असद आलम सियाम ने मंगलवार, 23 दिसंबर की सुबह करीब 9.30 बजे भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया और उन्हें नई दिल्ली, कोलकाता और अगरतला स्थित बांग्लादेशी उच्चायोग की सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी।

## कार्ति चिदंबरम की मुश्किलें बढ़ी

### कांग्रेस सांसद के खिलाफ कोर्ट ने तय किए आरोप



**नई दिल्ली 23 दिसमबर।** चीनी वीजा स्कैम मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश के आरोप तय किए हैं। कोर्ट ने इस मामले में भास्कर रमन को भी आरोपी बनाया है। मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को होगी। आरोप तय किए जाने पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया मुझे कई रास्ते देती है और मैं उन सभी रास्तों का इस्तेमाल करूंगा। कार्ति चिदंबरम और सात अन्य के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे स्पेशल जज (सीबीआई) दिग विनय सिंह ने सात आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया और इस मामले में चेतन श्रीवास्तव नाम के एक व्यक्ति को बरी कर दिया। इससे पहले अक्टूबर 2024 में सीबीआई ने कार्ति चिदंबरम और अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। ईडी ने वर्ष 2011 में 263 चीनी नागरिकों को वीजा जारी करने से संबंधित कथित घोटाले में आरोपियों के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया। कथित घोटाले के समय कार्ति के पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे।

## सड़क हादसों दो बाइक सवारों की मौत कई लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**जेवर (ग्रेटर नोएडा) 23 दिसम्बर।** घने कोहरे की वजह से मंगलवार सुबह यमुना एक्सप्रेसवे पर दो बाइक सवार अलग-अलग सड़क हादसों का शिकार हो गए। हादसे में महिला सहित दो की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। एक्सप्रेसवे की निजी सुरक्षा कर्मियों ने घायलों को जेवर के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। अलीगढ़ के इंग्लास थाना क्षेत्र के राजपुर निवासी रोहित व चंद्रमोहन दोनों भाई दिल्ली के मुंडका में प्राइवेट नौकरी करते हैं। मंगलवार तड़के घर से यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते दिल्ली ड्यूटी जाने के लिए निकले थे, लेकिन जेवर टोल प्लाजा से आगे खुर्जा अंडरपास के समीप दोनों भाइयों की बाइक रोडवेज बस से टकरा गई।

## रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ रायपुर पुलिस का बड़ा ऑपरेशन

**रायपुर 23 दिसम्बर।** राजधानी पुलिस ने मंगलवार को 'ऑपरेशन समाधान' के तहत दूसरे राज्यों से आए 1 हजार से ज्यादा लोगों की तस्दीक की। यह कार्रवाई रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान और पतासाजी के लिए की गई। शुरुआती जांच में करीब 100 से ज्यादा ऐसे लोग सामने आए, जो पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश बॉर्डर के बताए जा रहे हैं। पुलिस को इनके दस्तावेज दुरुस्त नहीं मिले हैं और आशंका जताई जा रही है कि ये बांग्लादेशी नागरिक या रोहिंग्या हो सकते हैं। इनके मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच भी की जा रही है। पुलिस ने जिन 100 से ज्यादा संदिग्धों की पहचान की है, वे मोवा, खमतराई, टिकरापारा और उरला थाना क्षेत्र में निवासरत हैं। ये ऑटो चलाने और मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस ने इन पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही है।दूसरे राज्य के लोग पूछताछ में केवल हाल के एक-दो सालों में रायपुर आने की जानकारी दे पाए। पुलिस को यह स्पष्ट नहीं है कि ये लोग कब से शहर में रह रहे हैं। ज्यादातर ने हाल के वर्षों में आने की बात बताई। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश मेंसुबह चार बजे शहर के अलग-अलग इलाकों में छापामार अभियान चलाया गया। सीएसपी रैंक के अधिकारियों ने इस अभियान को लीड किया और बीट वाइज संदेहियों से पूछताछ करने के बाद उनके दस्तावेजों की जांच करने के लिए पुलिस लाइन लाया गया। पुलिस लाइन में संदेहियों के दस्तावेजों की जांच जारी है।

## अपने ही सहयोगियों पर हमला न करें..., स्थानीय निकाय चुनाव के बाद सीएम फडणवीस ने बीजेपी नेताओं को दी नसीहत



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में बीजेपी की शानदार परफॉर्मेंस के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीजेपी के सभी नेताओं को नसीहत दी है। सीएम फडणवीस का कहना है कि अपने सहयोगियों पर सख्त टिप्पणी करने से बचना चाहिए। महाराष्ट्र निकाय चुनाव में एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी, बीजेपी की विरोधी पार्टियां थीं। यह तीनों पार्टियां महायुति का हिस्सा हैं। ऐसे में सीएम फडणवीस ने सभी बीजेपी नेताओं को सहयोगियों पर हमला न करने की हिदायत दी है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## कोहरे और धुंध में लिपटा प्रदेश, कल से पहाड़ों से चलेगी पछुआ हवा, कई जिलों में स्कूल बंद...चेतावनी जारी



**लखनऊ, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश में सोमवार को पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागों में तापमान में हल्की बढ़त तो रही, लेकिन कोहरे का कहर बरकरार रहा। घने कोहरे की वजह से आगरा, अयोध्या, प्रयागराज और कानपुर में सुबह दृश्यता शून्य हो गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कि मंगलवार को पूर्वी और मध्य यूपी में दो दिन में दिन के तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़त देखने को मिलेगी। इसके बाद विक्षोभ का असर खत्म होगा, हवा का रुख बदलेगा और पहाड़ों पर बर्फबारी के असर से 25 दिसंबर से प्रदेश में गलन भरी उत्तरी-पछुआ हवाएं चलेंगी। लखनऊ, बहराइच, इटावा, मुरादाबाद और फरुखाबाद में सुबह घने कोहरे की वजह से दृश्यता 20 मी., बरेली शाहजहांपुर में 25 मी. और मेरठ में 30 मीटर दर्ज की गई। बाराबंकी में 4.5 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ प्रदेश में सबसे ठंडी रात रही। वहीं 15.8 डिग्री तापमान के साथ वाराणसी में सबसे ठंडा दिन रहा। प्रयागराज, कानपुर नगर, तराई इलाकों समेत 18 जिलों के लिए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही वाराणसी, सुल्तानुर समेत 10 जिलों में पारे में भारी गिरावट के साथ शीत दिवस की चेतावनी जारी किया गया है। कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, बरेली, पीलीभीत एवं आसपास के इलाकों में। सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर आजमगढ़, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर व आसपास के इलाकों में। सर्दी के चलते यूपी के कई जिलों में कक्षा आठ तक के स्कूल बंद रहेंगे। शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, रायबरेली, सुल्तानपुर में अवकाश रहेगा। कानपुर, उन्नाव सहित कई जिलों में स्कूल के समय में बदलाव रहेगा। राजधानी में सोमवार सुबह कोहरे की वजह से लखनऊ में दृश्यता 20 मीटर तक सिमट गई, लेकिन दिन चढ़ने के साथ धूप खिलने से पारे में हल्की बढ़त दर्ज हुई। मौसम विभाग का कहना है कि बुधवार रात तक हवा बदलेगी और तेज गलन की वापसी होगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ सहित पूर्वी यूपी में मंगलवार को तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़त देखने को मिल सकती है। इसके बाद विक्षोभ का असर खत्म होगा और हवा का रुख बदलेगा। पहाड़ों पर बर्फबारी के असर से 25 दिसंबर से लखनऊ में गलन भरी उत्तर-पछुआ हवाएं चलेंगी। इससे ठंड में अचानक इजाफा होगा।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में कृत्रिम दांत लगवाने की सुविधा उपलब्ध

**कोरबा ।** कोरबा जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.के. सिंह के मार्गदर्शन में स्वाथ्य सुविधाओ के उन्नयन के दृष्टिकोण से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा सहित जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दंत रोग चिकित्सक की सेवाएँ उपलब्ध करायी गई हैं, इसी तारतम्य में सीएचसी कटघोरा में पदस्थ डॉ. तृप्ति नाग एवं डॉ. प्रीति गुप्ता दंत चिकित्सक के द्वारा कसनिया निवासी सेम बाई का नए कृत्रिम बत्तीसी दांत लगाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की राष्ट्रीय मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में आरसीटी (दांत के नसों का इलाज), नए कृत्रिम दाँत लगाना, दातो की सफाई,दांत निकालने सहित समस्त दाँतों से सम्बंधित इलाज की अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही है इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जनसमुदाय को लगातार इसका लाभ मिल रहा है।

## कौशल्या कुंभ में शामिल होने कोरबा आ रही माधवी लता

**कोरबा ।** भारतीय राजनीति के क्षितिज पर अपोलो हॉस्पिटल की अध्यक्ष माधवी लता का नाम बड़ी तेजी से उभर रहा हैं। असदुद्दीन ओवैसी को हैदराबाद में सियासी चुनौती देने वाली श्रीमती माधवी लता कोरबा में आयोजित होने वाले कौशल्या कुंभ में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आ रही है।

राम लेखन महायज्ञ समिति द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में से एक 'कौशल्या कुंभ' में शामिल होने सुविख्यात भाजपा नेत्री श्रीमती माधवी लता ने कोरबा आने की सहमति प्रदान कर दी है। गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव में आंध्र प्रदेश के हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी को टक्कर देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने श्रीमती माधवी लता को अपना प्रत्याशी बनाया था। माधवी लता को भले ही पराजय का सामना करना पड़ा, लेकिन उनकी सक्रियता और उनकी स्पष्टवादिता ने उनका कद काफी ऊंचा कर दिया।

श्रीमती माधवी लता लोपामुद्रा चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष हैं वह निजाम कॉलेज से स्नातक की डिग्री और कोटी वूमंस कॉलेज से राजनीति विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएट है। भरतनाट्यम में भी दिलचस्पी रखने वाली माधवी लता अपने भाषणों में संस्कृत श्लोक और भक्ति गीतों का मिश्रण कर जिस तरह से प्रस्तुत करती हैं वह अत्यंत मनभावन होता है। तीन तलाक के खिलाफ अभियान चलाने वाली माधवी लता को हिंदू और मुस्लिम महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए काफी काम करने के लिए भी जाना जाता है।

## नगर विकास के लिए सलाहकार समितियों का गठन

### 36 पार्षदों को चार विभागों का दायित्व

**कोरबा।** नगर पालिका निगम कोरबा के सभापति व अध्यक्ष नूतन सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम के तहत विभिन्न सलाहकार समितियां का गठन किया है। निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने इससे पहले भी दो समितियां का गठन किया था, इस बार चार विभागों के लिए गठित समितियां में 36 पार्षदों को स्थान दिया गया है जिसमें भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद शामिल हैं। निगम अध्यक्ष नूतनसिंह ठाकुर द्वारा अधिनियम की धारा 46 के तहत आदेश जारी कर उद्यानिकी विभाग के सलाहकार समिति में तरुण राठौर, विनम्र तिवारी, बद्री किरण, अनुज जायसवाल, चेतन सिंह मैत्री, श्रीमती चंदाबाई, श्रीमती सीमा कंवर ,श्रीमती चंद्रकाली जायसवाल, श्रीमती सम्मत कुंवर कों शामिल किया गया है। इसी प्रकार जल कार्य विभाग समिति में युगल कैवर्त , पंकज देवांगन, ईश्वर पटेल, कृपाराम साहू, मुकुंद सिंह कंवर, गोपाल कुर्रे, उपेंद्र पटेल, सुभाष राठौड़ और बहत्तर सिंह शामिल किए गए हैं। महिला एवं बाल विभाग समिति में निगम के महिला पार्षदों को शामिल कर समिति बनाया गया है जिसमें श्रीमती वर्षा वैष्णव, श्रीमती धनश्री साहू, श्रीमती रूबी देवी, श्रीमती प्रभा राठौर, श्रीमती राधाबाई, श्रीमती प्रेमलता बंजारे, श्रीमती सुषमा साहू, श्रीमती सुलोचना यादव, श्रीमती मथुरा बाई को शामिल है। संस्कृति एवं पर्यटन विभाग समिति में श्रीमती राधा महंत, सुखसागर निर्मलकर, राकेश वर्मा, रामाधार पटेल, रजत खुटे, रामकुमार साहू, श्रीमती सिमरनजीत कौर, श्रीमती सुखविंदर कौर, श्रीमती सुनीता चौहान को शामिल करते हुए समिति गठित की गई है।नगर पालिका निगम अधिनियम के अनुसार नगर निगम के सभी विभागों के लिए नगर सभापति व अध्यक्ष द्वारा सलाहकार समिति बनाने का प्रावधान किया गया है, ये सलाहकार समितियां प्रतिमाह बैठक कर नगर के विकास के योजनाओं में अपनी महत्वपूर्ण सलाह देते हैं। सलाहकार समिति द्वारा दिए गए सलाह और अनुशंसा के आधार पर के एम आई सी शहर के विकास के लिए योजनाएं बनती है और विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करता है।

## जिले में 22 दिसंबर तक किसानों से 679976.80 क्विंटल धान की हुई खरीदी,

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में 22 दिसम्बर तक 679976.80 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है। कोरबा जिले में अब तक 440158 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिला प्रशासन द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं संवदेनशील धान खरीदी केन्द्रो से प्राथमिकता से धान का उठाव किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो। साथ ही किसानो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था एवं समितियों में धान की स्टैकिंग कराकर स्थान बनाया गया है।

### ग्रामीणों तक नही पहुँच पा रहा योजनाओं का लाभ

# डीएमएफ से पंचायतों को बुनियादी जरूरतों की राशि देने नए जिलाधिकारी से सरपंचों की अपेक्षित मांग

### फंड के अभाव में 9 माह से उपेक्षित पड़ी है पंचायते

**कोरबा ।** शासन की योजनाओं को लागू करने और ग्राम स्तर तक पहुँचाने में ग्राम पंचायत अहम भूमिका निभाती है, लेकिन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025-26 संपन्न होने के 9 महीने बाद भी निर्वाचित सरपंच एवं पंचायत पदाधिकारी चाह कर भी अपने-अपने ग्राम का विकास कार्य नही करा पा रहे है, क्योंकि ग्राम पंचायतों में जब से सरपंच चुने गए है, तब से अब तक मिलने वाली 15वें वित्त एवं मूलभूत की राशि शासन से नही मिली है।

जिले के सरपंचों ने नए जिलाधिकारी से पंचायतों के बुनियादी जरूरतों की पूर्ति के लिए डीएमएफ से राशि जारी करने की अपेक्षित मांग रखी है। सरपंच ग्राम के विकास की कुंजी होते है और वे ग्राम सभा की बैठकों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करते है, साथ ही ग्राम के मूलभूत आवश्यकताओं को भी पूरा करने में अहम भूमिका निभाते है। जिससे स्थानीय समस्याएं दूर होकर जरूरतें पूरी हो सके। लेकिन ग्राम पंचायतों को 9 माह से मूलभूत और 15वें वित्त फंड नही मिलने से गांवों के मूलभूत जरूरतों में पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सड़क-नाली मरम्मत, अतिथि शिक्षकों व चपरासी मानदेय और श्रद्धांजलि राशि, चरवाहा भुगतान सहित अन्य निर्माण/विकास के कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ गए है। इस वजह से पंचायतों के लोग निर्वाचित सरपंचों पर सवाल उठा रहे है। मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने और विकास कार्यो के लिए ग्राम पंचायतों को फंड नही मिलने को लेकर सरपंचों का कहना है कि यह स्थिति उन्हें केवल नाममात्र का सरपंच बना कर रख रही है। ग्रामो की समस्याओं का समाधान करने के लिए उनके पास आवश्यक फंड ही नही है,

जिससे छोटे- मोटे कार्य करने में भी भारी परेशानी आ रही है और विकास के कार्य रुक गए है तथा योजनाओं का लाभ आमजन तक नही पहुँच पा रहा है। इससे आम जनता भी निराश व परेशान है। ग्रामीण उनसे उम्मीद लगाए बैठे है कि गांव के मूलभूत समस्याओं का समाधान करेंगे, लेकिन बजट के अभाव में जब कोई काम नही हो रहा है तो ग्रामीणों के द्वारा सवाल पूछा जाता है कि गांवों में बुनियादी व्यवस्थाएं दुरुस्त क्यों नही हो पा रही है तब पंचायतों के पास कोई ठोस जवाब नही होता।

जिससे ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है और विकास कार्य नही होने को लेकर कई जगह विवाद की स्थिति देखने को मिल रही है। इस हालात में अनेक सरपंच कर्ज लेकर ग्राम पंचायत के बुनियादी जरूरतों को दुरुस्त कर रहे है। सरपंचों ने बताया कि पंचायत में जब जनप्रतिनिधि चुनकर आते है तो जनता यह अपेक्षा रखती है कि बेहतर कार्य कराया जाएगा तथा जिन आशाओं और उम्मीद के साथ उन्हें ग्रामीणों ने सरपंच चुना है उनके उम्मीदों पर खरा उतरना है, किंतु उनके सरपंच निर्वाचित होने के 9 माह बाद भी पंचायतों को मूलभूत एवं 15वें वित्त की राशि नही मिली है। इस मसले को लेकर जिले के अन्य जनप्रतिनिधि भी शासन-प्रशासन से पंचायतों को मूलभूत और 15वें वित्त आयोग राशि आवंटित किए जाने की मांग कर चुके है लेकिन इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। ऐसे में नए जिलाधिकारी से सरपंचों की अपेक्षा है कि ग्राम पंचायतों में बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए फंड की बाधाएं दूर करते हुए डीएमएफ से राशि उपलब्ध कराएं ताकि वे आवश्यकता वाले मूलभूत सुविधाओं में सुधार कर सकें, साथ ही सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर पंचायतों के लिए 15वें वित्त एवं मूलभूत की वित्तीय मदद दिलाएं। जिससे ग्राम पंचायतें सशक्त बन सके और बुनियादी ढांचा विकसित करने की दिशा पर जोर मिल सके।

## पीएम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 गोपालपुर में स्काउट-गाइड प्रवेश

**कोरबा ।** कोरबा जिले के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4, गोपालपुर में भारत स्काउट एवं गाइड संगठन के अंतर्गत प्रवेश, प्रथम एवं द्वितीय सोपान के लिए पंजीकृत स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में पंजीकृत स्काउट एवं गाइड्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

उक्त शिविर के दौरान स्काउट एवं गाइड्स को संगठन की मूल अवधारणाओं एवं व्यवहारिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउट-गाइड प्रतिज्ञा एवं नियम, विभिन्न प्रकार की गांठें, बी.पी. सिक्स, खेलकूद, कैंप फायर, गणवेश की जानकारी तथा स्काउटिंग से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण उपरांत विद्यार्थियों का निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण भी लिया गया। शिविर के दौरान सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार सहित स्काउट एवं गाइड्स ने सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बी.एस. अहीरे, शिक्षक जी.आर. जांगड़े, श्रीमती इश्वरी रजक सहित विद्यालय के स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन उपस्थित रहे।

शिविरार्थियों को प्रशिक्षण देने में स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन संजय कुमार राजपूत, भुनेश्वरी राठौर, ख्याति पाठक, करिश्मा, रविकांत, विवेक कुमार एवं एस.के. विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य बी.एस. अहीरे ने कहा कि स्काउट एवं गाइड गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे बच्चों में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, सामाजिक सेवा एवं राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित होती है। उन्होंने सभी स्काउट एवं गाइड्स को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। शिविर का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग रहा।

## बैडमिंटन खिलाड़ियों ने कोरकोमा में किया वनभोज

**कोरबा ।** रविवार 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पावरसिटी कोरबा के बैडमिंटन खिलाड़ियों द्वारा ग्राम कोरकोमा में वन भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्ष 2026 की आने वाली नई सुबह में सबके लिए शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य की कामना की गई। कार्यक्रम में शामिल रहे ऊर्जावान खिलाड़ियों, चिकित्सकों ने सुकून व शुद्धता से भरपूर आबो-हवा और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण के निर्माण में योगदान का संकल्प लिया।

कोरबा जिला बैडमिंटन संघ एवं एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के संयुक्त कार्यक्रम में युवाओं, वरिष्ठजनों व महिला प्रतिभागियों के अलावा बड़ी संख्या में बच्चों ने भी सहभागिता दर्ज कराई। इनमें नगर निगम कोरबा के पूर्व आयुक्त, वरिष्ठ बैडमिंटन खिलाड़ी एवं कोरबा जिला बैडमिंटन संघ (केडीबीए) के संरक्षक अशोक शर्मा, एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ. संजय अग्रवाल, केडीबीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव मनीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनल फेलिक्स, सूर्यकांत ठाकुर, श्रीमती स्वाति रेगे, सुधीर रेगे, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. प्रभात पाणिग्रही, डॉ. प्रिंस जैन, डॉ. एस. चंदानी, डॉ. वंदना चंदानी, श्रीमती कल्पना फेलिक्स, श्रीमती नेहा पांडेय सहित करीब 100 सदस्यों ने परिवार सहित भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। यह एकदिवसीय वन भ्रमण सह वनभोज कार्यक्रम अच्छी सेहत और स्वच्छ पर्यावरण के साथ विश्व ध्यान दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस पर केन्द्रित रहा। अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस प्रतिवर्ष 20 दिसंबर एवं विश्व ध्यान दिवस 21 दिसंबर को मनाया जाता है।

इस अवसर पर कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के संरक्षक अशोक शर्मा ने कहा कि खगोलीय दृष्टि से भी रविवार 21 दिसंबर का दिन काफी अहम था, जब वर्ष 2025 का सबसे छोटा दिन और रात सबसे लंबी रही। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पिछले वर्ष 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया था, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का आनंद लेने के अधिकार की पुष्टि की गई थी। यह दिवस शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के उच्चतम को प्राप्त करने योग्य मानक का आनंद लेने के प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार को याद दिलाता है।

कोरबा जिले के ख्यातिलब्ध दंतरोग विशेषज्ञ एवं एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के अध्यक्ष डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस हमें नागरिकों के बीच सहयोग व एकता के सिद्धांतों को बढ़ावा देने प्रेरित करता है। इस उद्देश्य को जीवन में शामिल करने का संदेश इस कार्यक्रम के माध्यम से साझा किया गया। यह दिन विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। एक चिकित्सक होने के नाते हर किसी की अच्छी सेहत और बतौर खेल में प्रतिस्पर्धा के साथ मानव मूल्यों को साथ लेकर चलना हम सभी का दायित्व है और यही संदेश हम देना चाहते हैं।

## छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दूदावत को सौंपा ज्ञापन



**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री रायपुर (छ.ग.) जिला इकाई कोरबा द्वारा 22 दिसंबर को नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दूदावत का अभिनंदन व स्वागत किया गया। इसके पश्चात समस्त व्यापारियों पर शासन द्वारा ट्रेड लायसेंस के लागू करने के विरोध में मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। कलेक्टर द्वारा आश्वासन दिया गया की इस संबंध में यथासंभव मदद की जावेगी। ज्ञापन देने के अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सोनी, प्रदेश मंत्री परमानंद अग्रवाल, महामंत्री गजानंद अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष परसराम रामानी, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, उपाध्यक्ष नीतीश डालमिया सहित प्रेमचंद रामचंदानी एवं व्यापारीगण उपस्थित थे।

इकाई अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने बताया कि राज्य के नगरीय निकायों में हाल ही में लागू किए गए ट्रेड लायसेंस की अनिवार्यता और इसके अव्यवहारिक प्रावधानों की तरफ ध्यान दिलाया गया है। सरकार की मंशा राजस्व बढ़ाने की हो सकती है लेकिन वर्तमान स्वरूप में यह नीति प्रदेश के व्यापारियों के लिए 'इंड ऑफ डूइंग बिजनेस' साबित हो रही है। रिन्यूअल में विलंब पर 15 प्रतिशत पेनाल्टी और सीलिंग का 'कागजी चकव्यूह' सरकार का लायसेंस की वैधता 2 वर्ष रखी है। इसका अर्थ है कि व्यापारी हर दूसरे साल रिन्यूअल की लाईनों में खड़ा रहेगा।

केवल रिन्यअल में चूक होने पर 15 प्रतिशत का आर्थिक दण्ड और दुकान सील करने जैसा कठोर कदम उठाना 'इंस्पेक्टर राज' और भ्रष्टाचार को बढ़वा देगा। यह व्यापारियों का मानसिक उत्पीड़न है।इन्होंने कहा कि एक सामान्य व्यापारी वर्तमान में 8 मदों में भुगतान कर रहा है।

## एसटी, एससी व ओबीसी वर्ग के छात्रों से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ी

**कोरबा ।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, तथा संस्थाओं के प्राचार्यों/संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन/पंजीयन (नवीन/नवीनीकरण) हेतु अंतिम तिथि 15 जनवरी 2025 तक, संस्थाओं द्वारा प्रपोजल लाक कर सहाय आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने की तिथि 05 फरवरी 2026, शासकीय संस्था/जिला कार्यालय द्वारा सेन्शन आर्डर लाक करने की तिथि 08 फरवरी, जिला कार्यालय द्वारा भुगतान हेतु राज्य कार्यालय को प्रेषित करने की तिथि 10 फरवरी और छात्रवृत्ति भुगतान करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है।सहायक आयुक्त ने बताया कि निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है। इस हेतु सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय एक्टिव बचत खाता एवं आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को एनएसपी पोर्टल से ओटीआर (वन टाईम रजिस्ट्रेशन) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है। वर्ष 2025-26 में नवीन संस्था के संस्था प्रमुख एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी का बायोमैट्रिक-एथेंटिकेशन किया जाना आवश्यक है।

## कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनदर्शन में सुनी दूरस्थ व वनांचल क्षेत्र के लोगों की समस्याएँ



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन के दौरान जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरण अनुसार आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।जनदर्शन में नागरिकों ने बारी-बारी से अपनी समस्याएँ कलेक्टर के समक्ष रखीं। करतला विकासखण्ड के ग्राम घिनारा निवासी किसान श्री कोमल सिंह राठिया द्वारा धान विक्रय हेतु फौती नामांतरण से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि कुछ समय पूर्व उनके पिता श्री मनराम राठिया का निधन हो गया है, किंतु दस्तावेजों में भूमि अब भी उनके पिता के नाम दर्ज होने के कारण उन्हें धान विक्रय में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री दुदावत ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए आवेदन करतला तहसीलदार को प्रेषित कर जांच उपरांत आवश्यक कार्यवाही करते हुए किसान को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार आवेदक श्री निर्दोष कुमार कंवर द्वारा मानदेय भुगतान संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि वे अगस्त 2025 से पंचायत की सर्वसम्मति से कोरबा के प्राथमिक शाला दरगा में मानदेय शिक्षक के रूप में सेवाएँ दे रहे हैं, किंतु अब तक उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन का परीक्षण कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। पाली तहसील के ग्राम लोहड़िया निवासी श्रीमती नीरा बाई, पति श्री कुशाल सिंह द्वारा रकबा संशोधन से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त वनाधिकार पट्टा अंतर्गत उनकी कुल भूमि 0.809 हेक्टेयर है, जिस पर धान की फसल लगाई गई है, किंतु गिरदावरी में फसल प्रविष्टि के दौरान रकबा शून्य दर्ज हो जाने के कारण उपज विक्रय में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकरण को संवेदनशीलता से लेते हुए कलेक्टर ने जिला खाद्य अधिकारी एवं तहसीलदार पाली को आवेदन की शीघ्र जांच कर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिला खाद्य अधिकारी को वनाधिकार पट्टा धारक किसानों के धान विक्रय में आ रही समस्याओं का निराकरण कर धान विक्रय में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए।जनदर्शन में आज मुआवजा वितरण, सीमांकन, नामांतरण, बटांकन, पेंशन भुगतान, अतिक्रमण व कब्जा हटवाने, पट्टा प्रदान करने, अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने, राखड़ डंपिंग की समस्या सहित अन्य समस्याओं के कुल 62 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री दुदावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल व ओंकार यादव, शिक्षा, कृषि, आदिम जाति विकास, समाज कल्याण सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# गणित दिवस पर अग्रसेन कॉलेज में आयोजित हुई कार्यशाला



**कोरबा।** राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर कार्यशाला का अयोजन कोरबा । राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मेलबर्न विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया से अल्प समय के लिए भारत आई डॉ. सोहनी सिंह उपस्थित हुई ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम माता सरस्वती और महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना व दीपप्रज्जवल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम में श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार झा ने अपने उदबोधन में कहा कि महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम का अयोजन किया जा रहा है जिसमें एआई के संबंध में विस्तृत चर्चा कि जायेगी ।इस अवसर पर श्री अग्रसेन शिक्षण समिति महाविद्यालय के अध्यक्ष सुनील जैन ने अपने उदबोधन में कहा अग्रवाल समाज के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न सेवा कार्यो पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए जानकारी दी इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती के प्रातीय अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि हमारे देश में गणित में काफी महान लोग हुये जिनके पास संसाधनों की कमी होने के बावजूद महान गणितज्ञों में अपना नाम दर्ज कराया और ए आई से समाज मे होने वाले परिवर्तनों पर भी चर्चा किये। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप डॉ. सोहनी सिंह ने अपने वक्तव्य में ए आई के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत में तेजी से ए आई का उपयोग हो रहा है, ए आई का उपयोग कम समय मे अधिक से अधिक फायदे के लिए कृत्रिम बुद्धि के रूप में किया जा रहा है । हम सभी दिनचर्या में ए आई का उपयोग करते है लेकिन हमें उसके विषय में पता नहीं है। मुख्य वक्ता ने बताया कि ए आई के दो मुख्य आधार है मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग ।कार्यशाला में विस्तृत चर्चा के दौरान छात्राओं के द्वारा अपने सवाल भी रखे गये जिसमें डॉ. सोहनी सिंह के द्वारा जबाव दिया गया, इस अवसर पर श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्राध्यापकों व भारी संख्या में छात्राऐं उपस्थित थी ।

## खेत से उपार्जन केंद्र तक सहज सफर, पारदर्शी प्रक्रिया ने किसानों के दिल में जगाया भरोसा

**कोरबा।** राज्य के किसानों के लिए खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 एक भरोसे और संतोष का वर्ष बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लागू की गई धान खरीदी व्यवस्था ने किसानों को यह विश्वास दिलाया है कि उनकी मेहनत का पूरा और उचित मूल्य उन्हें निश्चित रूप से मिलेगा। सरल, पारदर्शी और सुव्यवस्थित प्रक्रिया के कारण किसान बिना किसी तनाव और परेशानी के अपना धान उपार्जन केंद्रों में विक्रय कर पा रहे हैं। उच्चतम समर्थन मूल्य पर समयबद्ध खरीदी, टोकन आधारित व्यवस्था तथा उपार्जन केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं ने किसानों के अनुभव को सहज और सम्मानजनक बना दिया है।इसी क्रम में ग्राम गढ़ उपरोड़ा के किसान श्री असमान्त सिंह ने राज्य सरकार की धान खरीदी व्यवस्था से संतुष्टि व्यक्त की है। श्री सिंह के पास कुल 06 एकड़ कृषि भूमि है। वे इस वर्ष 40 क्विंटल धान लेकर सोनपुरी उपार्जन केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने सहज एवं व्यवस्थित तरीके से अपना धान विक्रय किया।

श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने समिति से पहले ही टोकन प्राप्त कर लिया था, जिससे उपार्जन केंद्र पर किसी प्रकार की भीड़ या अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़ा। केंद्र पर तौल, पंजीयन एवं भुगतान से संबंधित सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध और पारदर्शी रहीं। किसानों के बैठने, छाया, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था होने से उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई। उन्होंने कहा वे एक बार फिर अपना धान विक्रय के लिए उपार्जन केंद्र आएंगे।उन्होंने धान खरीदी की बेहतर व्यवस्था और किसान-हितैषी नीतियों के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# जो कहा, वह किया, और जो नहीं कहा, वह भी करके दिखाया :नड्डा

**जांजगीर-चांपा ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जांजगीर-चांपा जिले के खोखराभाठा पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जनादेश परब में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंच से प्रदेश की उपलब्धियों, जनकल्याण और भविष्य की दिशा पर स्पष्ट संदेश दिया। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि जो कहा था, वह किया,और जो नहीं कहा था, वह भी करके दिखाया। उन्होंने दो वर्षों के रिपोर्ट-कार्ड को रेखांकित करते हुए बताया कि सरकार ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और श्रमिकों के हित में संवेदनशील और परिणामकारी निर्णय लिए हैं, जिनका असर जमीनी स्तर पर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के पहले महीने में किसानों को 3700 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान और बीते दो वर्षों में 1.25 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष अंतरण अन्नदाताओं के सम्मान का



प्रमाण है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ का रेलवे बजट 22 गुना बढ़ा है, 32 अमृत स्टेशन वर्ल्ड-क्लास मानकों पर विकसित हो रहे हैं और आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, जल जीवन मिशन, पीएम-किसान जैसी योजनाओं का व्यापक लाभ आमजन तक पहुंचा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों



को छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि सरकार आम जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना, चरण पादुका सहित अनेक योजनाओं से विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट 2047 के माध्यम से संसाधन-समृद्ध छत्तीसगढ़ को सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने का रोडमैप तय किया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को अवसरों का राज्य मिल सके।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार बनने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं और विकास के सभी कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

वित्त मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि सरकार ने लोकतंत्र, जनविश्वास और सुशासन को सुदृढ़ किया है। विजन डॉक्यूमेंट के माध्यम से छत्तीसगढ़ विकास के नए मानक गढ़ रहा है। जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जनता को बधाई देते हुए कहा कि इस अवधि में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। इस दौरान कृषि मंत्री राम विचार नेताम, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, लखन लाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा, गजेन्द्र यादव, राजेश अग्रवाल छत्तीसगढ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजि सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढेवाल, नगर पालिका परिषद चांपा अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, गुलाब सिंह चंदेल, प्रशांत सिंह, अमर सुलतानिया, नंदिनी राजवाड़े, आशु गोस्वामी,उपस्थित थे।

## शीतलहर का असर, पारा 10 डिग्री पर पहुंचा

**जांजगीर।** जिला शीतलहर की चपेट में है। सोमवार को सुबह से शाम तक हल्के बादल छाए रहे। इसलिए रविवार की अपेक्षा ठंड कम रही। अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहा। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार से तापमान बढ़ने की संभावना है। लेकिन ठंड से अभी राहत नहीं मिलेगी। शहर व ग्रामीण के कई हिस्से में सुबह घना कोहरा छाया रहा। ठंड के कारण लोगों की दिनचर्या बदल गई है। सुबह घूमने के लिए देरी से निकल रहे हैं। अभी तापमान में 1 से 2 डिग्री बढ़ाने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन अधिकतम तापमान 28 से 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 से 11 डिग्री के बीच ही रहेगा। इससे ठंड से राहत नहीं मिलेगी। सुबह कोहरे के कारण वाहन चलाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



## मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेसियों ने दिया धरना



**जांजगीर चांपा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के नाम में बदलाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा द्वारा आज बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा प्रांगण, कचहरी चौक जांजगीर में धरना प्रदर्शन किया गया ।

कांग्रेसजनों ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना में बदलाव एवं नाम परिवर्तन को लेकर संसद में एक विधेयक प्रस्तुत किया गया है । कांग्रेस का कहना है कि प्रस्तावित बदलाओं से योजना की संरचना और इसके क्रियान्वयन पर प्रभाव पड़ सकता है ।

धरना स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि विश्व बैंक ने मनरेगा को विश्व की सबसे बड़ी रोजगार उपलब्ध करवाने वाली योजना के रूप में बताया था । उन्होंने कहा कि वर्ष 2008-09 में वैश्विक आर्थिक मंदी के दौरान इस योजना की भूमिका अहम रही । उनके अनुसार योजना के नाम और स्वरूप में बदलाओं को लेकर कांग्रेस का विरोध है ।

जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण रोजगार के क्षेत्र में एक व्यापक रोजाना रही है । उन्होंने केंद्र सरकार के प्रस्तावित बदलाओं पर असहमति जताई और इसे गरीबों से जुड़े मुद्दे से जोड़कर देखा ।कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी योजना के नाम के परिवर्तन को लेकर पार्टी में आपत्ति है । उन्होंने कहा कि रोजगार गारंटी से जुड़े किसी भी बदलाव पर व्यापक चर्चा होना चाहिए । पूर्व काय. 'जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार ने भी मनरेगा योजना में प्रस्तावित बदलाओं पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और कहा कि इसमें योजना की मूल भावना प्रभावित हो सकती है ।

सभा को प्रदेश सचिव हरप्रसाद साहू, नागेंद्र गुप्ता, आभास बोस, शिशिर द्विवेदी, सुनील साधवानी, भगवानदास गड़ेवाल, गौरव सिंह ने भी सभा को संबोधित किया ।

कार्यक्रम का संचालन रफीक सिद्दीकी ने किया एवं आभार प्रदर्शन विवेक सिसोदिया ने किया ।

कार्यक्रम में सेवादल जिलाध्यक्ष देव कुमार पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, चिंताराम राठौर, गोविंद कश्यप, नेता प्रतिपक्ष हरीश पाण्डेय, प्रिंस शर्मा, किशन सोनी, ऋषि उपाध्याय, शाश्वत दीवान, रामबिलास राठौर, अजीत राणा, राज अग्रवाल, परमेश्वर निर्मले, परमेश्वर राठौर, शिवानंद कुमार, पवन कश्यप, दिनेश पांडेय, आकाश तिवारी, धनपति करियरे, दुर्गा कुर्रे, विष्णु गाडा, महेश खरे, शेषनाथ टंडन, मनीष कुमार, किरण पटेल, प्रीतम कश्यप, दीपेंद्र कहरा, बेदीप्रसाद यादव, शर्मिष्ठा कंसारी, अंजलि देवांगन, कविता देवांगन, अनिल राठौर, सत्यभामा टंडन, अमर कुमारी टंडन, गंगा टंडन, अनिल चौरसिया, संतोष गढ़वाल, महेश यादव, घनश्याम कश्यप, मोती पटेल, रफीक खान, पवन साहू, रविशंकर, राजा श्रीवास, पवन कुमार, हेमलता राठौर, जगदीश्वर सूर्यवंशी, दिनेश पांडेय, रेखा सोनवान, चंपा प्रधान, राघवेंद्र सिंह, राजू शर्मा, विजय प्रकाश तिवारी, शांति साहू, जयप्रकाश जायसवाल, अशोक बर्मन, अतीक कुरैशी, रजनी सूर्यवंशी, नर्मदा सूर्यवंशी, रोहित सोनी, कृष्णा प्रजापति सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे ।



## बच्चो ने किया विशाखापटनम का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

**जांजगीर नैला।** डेस्टिनेशन इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर के बच्चो और शिक्षकों ने किया विशाखापटनम का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण। भ्रमण के दौरान बच्चो ने पहला दिन सबमरीन म्यूजियम , एयरक्राफ्ट म्यूजियम, हेलीकॉप्टर म्यूजियम, आर के बीच का भ्रमण कर बच्चो ने सबमरीन के कमिशन डेट से लेकर डिकमिशन डेट तक की संपूर्ण जानकारी प्राप्त किया । इस भ्रमण में 16 शिक्षकों और 70 छात्राओं ने दिनांक 19 दिसंबर 2025 से 22 दिसंबर 2025 भाग लिया । शिक्षकों में शिवम सर, वर्षा मैडम, सपना मैडम, सुशीला मैडम, प्रतीक्षा मैडम, आदर्श सर, मनीष सर, सूर्या सर, संस्था के प्राचार्य रवि शंकर निर्मलकर, उप प्राचार्य श्रद्धा निर्मलकर ने बच्चो का मार्गदर्शन किया ।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया नई ओपीडी व एनआईसीयू का किया शुभारंभ



**जांजगीर-चांपा।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज जिला चिकित्सालय जांजगीर-चांपा का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया, संचालक संजीव झा एवं सहायक संचालक डॉ. सुरेंद्र पाम्भोई उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने अस्पताल की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय में नवनिर्मित ओपीडी हॉल एवं नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार हेतु 10 बेड के अत्याधुनिक एनआईसीयू वार्ड का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा 10 बेड के एनआईसीय से अब क्षेत्र के नवजात शिशुओं को क्रिटिकल केयर हेतु बाहर नहीं जाना पड़ेगा।स्वास्थ्य मंत्री मंत्री ने जीवनदीप समिति के माध्यम से स्वीकृत कार्यों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री जन्मेजय मोहबे के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मरीजों की आवश्यकता के अनुरूप जीवनदीप समिति से समयबद्ध स्वीकृतियाँ देना सराहनीय कदम है, जिससे अस्पताल की सेवाएँ निरंतर सुदृढ़ हुई हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.के. मरकाम, सिविल सर्जन डॉ. एस. कुजूर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री उत्कर्ष तिवारी, जिला अस्पताल प्रबंधक श्री अंकित ताम्रकार, आरएमओ डॉ. संदीप साहू सहित जिला चिकित्सालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खड़े ट्रक से टकराई बाइक एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जांजगीर।** बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के पुछेली हाई स्कूल के पास एक भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्राम पुछेली निवासी रामचरण कंवर अपने साथी कैलाश कंवर के साथ साप्ताहिक बाजार करने बम्हनीडीह आए थे। वापसी के दौरान पुछेली हाई स्कूल के पास उनकी बाइक (सीजी 12 जी 4354) सड़क किनारे खड़े एक ट्रक (सीजी 4 जेए 6244) से जा टकराई। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक ने वाहन को बिना इंडिकेटर या चेतावनी संकेत के बेहद खतरनाक स्थिति में खड़ा कर रखा था। अंधेरे के कारण बाइक सवार को ट्रक दिखाई नहीं दिया और यह जोरदार भिड़ंत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को बीडीएम अस्पताल चांपा में भर्ती कराया, जहाँ उपचार के दौरान रामचरण कंवर की मौत हो गई। घायल कैलाश कंवर के कंधे की हड्डी टूट गई है और उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## क्रिकेट स्पर्धा शुरू, जैजैपुर ने जीता उद्घाटन मैच



**बिर्रा।** स्व. गोविंद राम कश्यप स्मृति में आयोजित दस दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ दशहरा मैदान बिर्रा में बैट और बॉल की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम में जनपद सदस्य रितेश रमण सिंह छोटू, एकादशिया साहू, चेतन प्रताप सिंह, सोमू बाबा, राजमहल बिर्रा, चित्र भानू पांडेय, जितेंद्र तिवारी, संजू साहू, राजीव लोचन साहू, सरोज यादव, सम्मेलाल यादव, एकांश पटेल, किशन कश्यप, दिनेश थवाईत, कृष्णा साहू, भूपेंद्र कश्यप, रमेश साहू, लोकेश कश्यप, शशि यादव और राजू थवाईत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच में जैजैपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 86 रन बनाए।करही इलेवन की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 80 रनों पर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच जैजैपुर के खिलाड़ी को दिया गया। जनपद सदस्य रितेश रमण सिंह ने कहा कि खेल में जीत या हार होती है। मैच का आंखों देखा हाल जितेंद्र तिवारी, कृष्णा साहू, रमेश साहू और भूपेंद्र कश्यप ने किया। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 60,000 रुपए, उपविजेता को 30,000 रुपए, तृतीय को 10,000 रुपए और चतुर्थ को 5,000 रुपए दिए जाएंगे। स्मृति में सोमू बाबा राजमहल बिर्रा की ओर से चैलेंज ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी।

## भाजपा आई टी सेल के जिला संयोजक बने अनिल शर्मा

**जांजगीर नैला।** भारतीय जनता पार्टी के जांजगीर चाम्पा के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने विगत दिनो अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला कार्यसमिति की सूची जारी की जिसमे उन्होंने पार्टी के महत्वपूर्ण विभाग सूचना तकनीक का दायित्व भारतीय जनता पार्टी के वर्षो से जुड़े हुए कार्यकर्त्ता अनिल शर्मा को सौंपी है अनिल की छवि शुरु से ही पार्टी मे निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ता की रही है वे



पूर्व मे भी पार्टी मे विभिन्न दायित्वो का निर्वहन कर चुके है वे करीब दो दशको से पार्टी से जुड़कर जनहित के मुद्दो पर अनेको लड़ाई लड़े है चुनावो मे भी उन्होंने पार्टी के पक्ष मे सदैव निष्पक्ष होकर काम किया है संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए पार्टी ने उन्हे आई टी सेल के जिला संयोजक की महत्वपूर्ण जवाबदारी सौंपी है।



## प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर अभिमन्यु राठौर को भाजपा नेताओ ने दी बधाई

**जांजगीर।** विगत दिनो भारतीय जनता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहु ने अपने प्रदेश की कार्यकारिणी घोषित की जिसमे उन्होंने जांजगीर के युवा कार्यकर्ता अभिमन्यु राठौर को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य बनाकर नवीन दायित्व सौंपा है अभिमन्यु शुरु से विधार्थी परिषद से जुड़े हुए कार्यकर्ता रहे है वे पूर्व मे भाजपा आई टी सेल के जिला संयोजक व भाजपा के जिला मंत्री के दायित्व का निर्वहन कर चुके उन्होंने अपने इस नवीन दायित्व के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया है जितेंद्र देवांगन पंकज अग्रवाल राहुल सेन सदीप उपाध्याय अनुराग तिवारी ने अभिमन्यु को इस नवीन दायित्व के लिए विशेष रुप से बधाई दी है।

*देवरी-चांपा।** सारागांव क्षेत्र के बम्हनीडीह रोड स्थित श्रीराम फर्नीचर फैक्ट्री में भीषण आगजनी की घटना हुई।

## शनि देव मंदिर में जन्मोत्सव कार्यक्रम 16 जनवरी से होंगे

**बाराद्वार।** नेशनल हाईवे स्थित ग्राम रिस्दा के सिद्ध श्री शनिदेव मंदिर में 16 से 18 जनवरी तक मौनी अमावस्या के दिन श्री शनिदेव भगवान के वार्षिक जन्म महोत्सव पर तीन दिवसीय शनि मेला का आयोजन होगा। आयोजन के प्रथम दिवस 16 जनवरी को सुबह 10 बजे मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तालाब पहुंचेगी। 16 से 18 जनवरी तक मंदिर परिसर में अखंड शनि शांति और नवग्रह शांति ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। तीनों दिन सुबह 7.30 बजे श्री शनिदेव महाराज की महाआरती और अभिषेक होगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। अंतिम दिवस 18 जनवरी को सुबह 11 बजे से भजन मंडली द्वारा रामायण पाठ और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा।




### ईश्तहार

**समक्ष श्रीमान नोटरी पब्लिक कोरबा, जिला कोरबा छ.ग.**

**शपथ-पत्र**

मैं शीबा डहरिया, उम्र 34 वर्ष पति तिलक राम अनंत, वर्तमान पता- एम.पी.नगर, कोरबा, जिला कोरबा छ.ग. की होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूं कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार वर्णित है। मेरे पुत्र अद्विक अनंत के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम (माता का नाम) शीबा अंकित हो गया है। मेरा वास्तविक एवं सही नाम शीबा डहरिया है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में अंकित है। मैं अपने पुत्र अद्विक अनंत के जन्म प्रमाण पत्र में अपना सही नाम/माता का सही नाम शीबा डहरिया अंकित कराना चाहती हूं। मेरे पुत्र अद्विक अनंत के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम/माता का नाम शीबा डहरिया अंकित करते हुए जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जावें। उक्त समस्त कथन सत्य एवं सही है। उक्त शपथ पत्र उक्ताशय के संबंध में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित बैंक/विभाग/ कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

**शपथकर्ता**
**शीबा डहरिया**
**एमपी नगर, कोरबा(छ.ग.)**


# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू हुई



**रिगनी-खरौद।** रिगनी-खरौद7 ग्राम पंचायत खरौद के तिवारीपारा में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा तिवारीपारा से शुरू होकर नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से होती हुई तालाब पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया गया। यात्रा में महिलाएं पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। बड़ी संख्या में बालिकाओं की भागीदारी से आयोजन में संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।

यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। आयोजन के प्रमुख चंद्रकांत तिवारी और आराधना तिवारी हैं। आराधना तिवारी छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर की सदस्य भी हैं। यजमान के रूप में सुषमा अशोक तिवारी उपस्थित रहीं। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. भानुप्रताप महाराज कर रहे हैं। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से सुनाया जाएगा।

## शोभाराम देवांगन का निधन

**सक्ती।** शोभाराम देवांगनका आकस्मिक निधन कल दिनांक 21.12.24 को हो गया है। पप्पू देवांगन रूपेश देवांगन के दादा थे। जिनकी शव यात्रा में विभिन्न समाजों के लोगों के द्वारा विनम्र श्रद्धांजली दी गई।



## अनमोल वचन......

अगर मुझे दोबारा अपनी ज़िंदगी जीनी पड़े, तो मैं वही गलतियाँ करूँगा, बस पहले से ज़्यादा।

## तमाम बातें हवाई ही बनी रहेंगी

पेरिस स्थित इनइक्वलिटी लैब की यह टिप्पणी महत्त्वपूर्ण है कि 'भारत दुनिया के उन देशों में है, जहां गैर-बराबरी उच्चतम स्तर पर है और जिसे कम करने की दिशा में हाल के वर्षों में कोई प्रगति नहीं हुई। वैसे तो यह पूरी दुनिया का हाल है कि आर्थिक गैर-बराबरी 'ऐतिहासिक रूप से उच्चतम स्तर' पर पहुंच गई है और इसमें 'लगातार इजाफा' हो रहा है, लेकिन पेरिस स्थित इनइक्वालिटी लैब की ताजा रिपोर्ट का भारत के संदर्भ में एक अलग महत्त्व भी है। हाल में सरकारी एजेंसियों ने आंकड़ों के खेल से नैरेटिव बनाने की कोशिश की है कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियां आर्थिक विषमता को घटाने में कामयाब रही हैं। ऐसे में 200 विश्व-स्तरीय अर्थशास्त्रियों के श्रमसाध्य शोध से तैयार इनइक्वालिटी लैब की रिपोर्ट में शामिल दो टिप्पणियां उल्लेखनीय हो जाती हैं।

पहली यह कि 'भारत दुनिया के उन देशों में है, जहां गैर-बराबरी उच्चतम स्तर पर है और जिसे कम करने की दिशा में हाल के वर्षों में कोई प्रगति नहीं हुई है'तथा यह कि 'भारत में आय, धन एवं लैंगिक लिहाज से हर स्तर पर विषमता मौजूद है, जो अर्थव्यवस्था के अंदर ढांचागत विभाजन पर रोशनी डालती है।' रिपोर्ट बताती है कि भारत में आमदनी संबंधी गैर-बराबरी की चौड़ी खाई मौजूद है, जबकि धन संबंधी विषमता की खाई उससे भी ज्यादा गहरी है। मसलन, नीचे की 50 फीसदी आबादी के पास कुल आमदनी का महज 15 फीसदी हिस्सा जाता है, जबकि शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की जेब 22.6 प्रतिशत हिस्सा चला जाता है। धन की बात करें, तो निम्न आधी आबादी के पास देश के कुल धन का महज 6.4 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि इसका 40.1 फीसदी हिस्सा टॉप एक प्रतिशत लोगों के पास है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि निम्न 50 प्रतिशत आबादी की औसत सालाना आय एक लाख रुपये से कम है, जबकि उसके बाद की 40 फीसदी आबादी की औसत सालाना आय साढ़े चार लाख रुपये से कम है। तो कुल मिलाकर जिसे भारत का बाजार का जाता है, वह टॉप दस प्रतिशत लोगों तक सीमित रह जाता है, जिनकी औसत सालाना आय पांच लाख से एक करोड़ रुपये तक है। स्पष्टतः ये आंकड़े भारत के बारे में यथार्थवादी समझ बनाने का महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं। ऐसी समझ के बिना देश के विकास एवं प्रगति की तमाम बातें हवाई ही बनी रहेंगी।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप परिवारवालों के साथ समय बिताने की पूरी कोशिश करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। छोटे बच्चों को बड़ा सरप्राइज भी मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद के लिए आगे आ सकते हैं। पैसों को लेकर आपकी समस्या दूर होगी।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से संबंधित हो सकती है। आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी ट्रेडिशनल चीज के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। बच्चे किसी ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज आप किसी बचपन के दोस्त से मिलेंगे, कुछ पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आप अपने काम में पूरा आनंद लेंगे। आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको काफी अच्छा लगेगा। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। करीबी रिश्तेदार आपको अच्छी खबर देगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी किसी कविता की प्रशंसा हो सकती है। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जा सकता है, जो आपको बहुत अच्छा लगेगा। आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के योग बने हुए हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। अपनों की मदद के लिए आप हमेशा तैयार रहेंगे।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। पहले किए गए किसी काम से आज अच्छा मुनाफा होगा। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम को लेकर संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर करने जाने का प्लान बनाएंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे, जहां उनका प्रदर्शन अच्छा रहेगा। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे आपके काम समय पर पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचार आज लोगों को प्रभावित करेगा, लोग आपसे जुड़ेंगे। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव करेंगे। अपने कठिन विषयों को समझने के लिए किसी की मदद ले सकते हैं। घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन जीवन में किसी नई खुशी का संकेत लायेगा। जीवनसाथी से आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तें और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आज आप मजबूत रहेंगे। इंजीनियर्स को किसी कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा फायदा होगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो समय से पूरा करने में सफल होंगे। आज बिजनेस में काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। मन ही मन किसी बात को लेकर खुश रहेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उन्हें किसी शादी समारोह में अपना लाइफ पार्टनर मिल सकता है। आज घर का माहौल अच्छा रहेगा।

**मकर राशिः** आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाने वाला है। आपको अपने करियर में बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक आपको किसी काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा। किसी नये बिजनेस की शुरुआत के लिए लोन लेने के बारे में विचार करेंगे।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका नजदीकी मित्र आपसे मिलने आयेगा। आप उनके साथ कही घूमने का प्लान बनाएंगे। छात्रों के पढ़ाई में आ रही रुकावटें किसी की मदद से दूर होंगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करते हुए अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है।

**मीन राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। आज ऑफिस के काम के लिए यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा।

# सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण देश में असमानता

//अजीत द्विवेदी//

**यह निष्कर्ष पुराना है कि भारत एक गहरी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक असमानता वाला देश है। सामाजिक असमानता में जातीय, धार्मिक और लैंगिक असमानता सब शामिल है। यह निष्कर्ष हर साल आने वाली इनइक्वलिटी लैब की रिपोर्ट से प्रमाणित होता है। इस साल की फ्रांस की इनइक्वलिटी लैब की रिपोर्ट बुधवार, 10 दिसंबर को प्रकाशित हुई। पिछले साल के मुकाबले इस रिपोर्ट में ज्यादा कुछ नहीं बदला है। भारत की एक फीसदी आबादी के पास देश की 40 फीसदी संपत्ति है। अगर इसका दायरा थोड़ा बड़ा करें तो दिखेगा कि शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास कुल संपत्ति का 65 फीसदी हिस्सा है। इनकी तुलना में सबसे नीचे के 50 फीसदी लोगों को देखें तो उनके पास सिर्फ 6.4 फीसदी दौलत है।**

इसका मतलब है कि बीच के 40 फीसदी यानी मध्य वर्ग के पास 30 फीसदी से कुछ कम संपत्ति है। दुनिया के स्तर पर यह असमानता थोड़ी ज्यादा दिखती है। इसी रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सिर्फ 60 हजार लोगों यानी कुल आबादी के 0.001 फीसदी के पास इतनी संपत्ति है, जितनी नीचे की 50 फीसदी आबादी के पास नहीं है। दुनिया की आधी आबादी यानी करीब चार सौ करोड़ लोगों से ज्यादा संपत्ति सिर्फ 60 हजार लोगों के पास है।

असमानता की ताजा रिपोर्ट से यह मिथक भी टूटा है कि मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण देश में असमानता बढ़ रही है। असल में भारत में पहले जो आर्थिक असमानता थी इस सरकार ने उसी को मेंटेन किया है। देश के सबसे अमीर 10 फीसदी लोगों और सबसे गरीब 50 फीसदी लोगों की आय के बीच 2014 में 38 फीसदी का अंतर था, जो 2024 में 38.2 फीसदी हुआ है। यानी दोनों की आय की असमानता लगभग उतनी ही है, जितनी 10 साल पहले थी। इसका अर्थ है कि भारत की आर्थिक नीतियों की निरंतरता कायम है। जिन नीतियों ने असमानता को बढ़ाया उन्हें जारी रखा गया है।

अगर स्थायी संपत्ति की बात छोड़ें तो देश में हर साल जो आय उत्पादित हो रही है उसका 58 फीसदी हिस्सा ऊपर की 10 फीसदी आबादी के पास जा रहा है और नीचे की 50 फीसदी आबादी के पास आय का सिर्फ 15 फीसदी हिस्सा जा रहा है। यानी जिन लोगों के पास 65 फीसदी संपत्ति है उनके पास कुल आय का 58 फीसदी जा रहा है और जिनकी कुल संपत्ति 6.4 फीसदी है उनके पास कुल आय का 15 फीसदी जा रहा है।

अगर रुपए के हिसाब से देखें तो भारत में नीचे की 50 फीसदी आबादी की प्रति व्यक्ति सालाना आय एक लाख रुपए से कम है। यानी 70 करोड़ की आबादी की प्रति व्यक्ति मासिक आय आठ हजार रुपए के करीब है। इनके मुकाबले एक फीसदी आबादी यानी एक करोड़ 40 लाख टॉप लोगों की औसत सालाना आय डेढ़ करोड़ रुपए के करीब है। इस वर्ग के लोग औसतन हर महीना 12 लाख रुपए से ज्यादा कमाते हैं। सोचें, आठ हजार रुपए और 12 लाख रुपए महीना के फर्क पर! अगर टॉप 10 फीसदी की आय देखें तो उनकी औसत सालाना आय 40 लाख रुपए के करीब है। उसके बाद मध्य वर्ग के 40 फीसदी लोग आते हैं, जिनकी औसत सालाना आय साढ़े चार लाख रुपए के करीब है यानी 40 हजार रुपया महीना से कम। इस असमानता को अगर जाति, धर्म, लिंग और क्षेत्र के हिसाब से देखेंगे तो और भयावह तस्वीर सामने आएगी। देश के सबसे पिछड़े राज्य बिहार में तो एक करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिनकी मासिक आमदनी छह हजार रुपए है। यह बिहार सरकार की ओर से कराई गई जाति गणना में पता चला। इसका मतलब है कि करीब पांच करोड़ लोग ऐसे हैं, जो महीने का 12 सौ रुपया कमाते हैं। भारत में अपनाई गई आर्थिक नीतियों को देखते हुए कह सकते हैं कि निकट भविष्य में इस स्थिति में सुधार की कोई संभावना नहीं दिख रही है। भारत लंबे समय से ट्रिकल डाउन थ्योरी पर चल रहा है। इसका अर्थ है कि ऊपर वालों का घड़ा भर जाएगा तो उसमें रिस कर नीचे गिरना शुरू होगा, जिससे बाकी लोगों का भला होगा। लेकिन मुश्किल यह है कि ऊपर वाले लगातार अपने घड़े का आकार बढ़ाते जा रहे हैं। उनका घड़ा भरने की कोई संभावना नहीं दिख रही है। तभी भारत की बड़ी आबादी सरकार प्रायोजित सर्वाइवल स्कीम्स पर पल रही है।

इस रिपोर्ट में एक खास बात यह है कि आजादी के बाद एक समय ऐसा आया था, जब टॉप 10 फीसदी और बॉटम 50 फीसदी के बीच का अंतर काफी कम हो गया था। वह अच्छा था या बुरा यह अलग विश्लेषण का विषय है। लेकिन ऐसा लग रह है कि आजादी के बाद जो मिश्रित अर्थव्यवस्था वाली नीति अपनाई गई थी उसने निजी तौर पर लोगों के बेहिसाब दौलत इकट्ठा करने या बेहिसाब कमाई करने पर रोक लगाई थी। ब्रिटिश शासन में ऊपर के 10 फीसदी और नीचे के 50 फीसदी के बीच जो अंतर था वह 1940 से कम होना शुरू हुआ था और 1980 के दशक में सबसे कम था।

1983-84 के आसपास भारत के शीर्ष 10 फीसदी लोगों की कुल आय में हिस्सेदारी 30 फीसदी से नीचे आ गई थी, जबकि नीचे के 50 फीसदी की हिस्सेदारी बढ़ कर 23 फीसदी तक पहुंच गई थी। परंतु 1991 में अपनाई गई उदार आर्थिक नीतियों के बाद एक बार फिर असमानता बढ़ने लगी। 2024 में नीचे के 50 फीसदी की आय 15 फीसदी पर आ गई और ऊपर के 10 फीसदी की आय 58 फीसदी पहुंच गई। इसमें टॉप एक फीसदी के पास कुल आय का 22.6 फीसदी जा रहा है। जब मिश्रित अर्थव्यवस्था थी तब सरकार माईबाप थी लेकिन उस समय कम आबादी सरकार माईबाप पर निर्भर् थी। आज ज्यादा बड़ी आबादी माईबाप सरकार की ओर से प्रायोजित सर्वाइवल स्कीम्स पर निर्भर है।

अब सवाल है कि भारत में अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों से भी ज्यादा असमानता होने का मूल कारण क्या है? इसके कई कारण हैं और गौर से देखें तो सारे कारण सामने दिखते हैं। सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की बात करती है लेकिन असल में सबके साथ से कुछ लोगों का विकास होता है। भारत में टैक्स का सिस्टम ऐसा है कि देश के गरीब से गरीब आदमी को भी वैसे ही अप्रत्यक्ष कर यानी जीएसटी भरना है, जैसे अमीर आदमी को भरना है। दूसरी ओर अमीर आदमी के लिए कॉरपोरेट टैक्स में भारी भरकम छूट से लेकर बैंकों का कर्ज माफ होने तक की सुविधा है। मजदूरों और पेशेवरों की मजदूरी या वेतन कछुआ चाल से बढ़ रहा है, जबकि कॉरपोरेट मुनाफा, शेयर बाजार की कमाई और रियल इस्टेट की आय दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट नहीं बढ़ा रही है। इसका नतीजा है कि गरीब और मध्य वर्ग की ठहरी हुई कमाई का बड़ा हिस्सा शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च होता है। ऐसे में उसकी संपत्ति कहां से बढ़ेगी? सरकार डंका पीटती है कि रिकॉर्ड टैक्स कलेक्शन हो रहा है लेकिन उस टैक्स का डिस्ट्रीब्यूशन कैसे हो रहा है यह कभी नहीं बताया जाता है। आम लोगों को 'मुफ्त की रेवड़ी' पर निर्भर बना कर कॉरपोरेट की कमाई बढ़ाई जा रही है। यही आर्थिक असमानता का सबसे बड़ा कारण है।

# छत्तीसगढ़ के 25 वर्षः संघर्ष, संकल्प और समग्र विकास की स्वर्णिम यात्रा

//लोकेश्वर सिंह//

**1 नवंबर 2000 को भारत के मानचित्र पर छत्तीसगढ़ एक नए राज्य के रूप में उभरा। मध्यप्रदेश से पृथक होकर बने इस राज्य ने 25 वर्षों की यात्रा में न केवल अपनी पहचान गढ़ी, बल्कि विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन के कई नए प्रतिमान भी स्थापित किए। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर, आदिवासी संस्कृति से समृद्ध और कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ की यह यात्रा चुनौतियों से शुरू होकर आत्मविश्वास और उपलब्धियों तक पहुँची है।**

राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ के सामने अनेक समस्याएँ थीं, कमजोर अधोसंरचना, सीमित औद्योगिक आधार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की चुनौती। ग्रामीण और आदिवासी बहुल अंचलों में सड़क, बिजली, पानी और प्रशासनिक पहुंच का अभाव स्पष्ट था। ऐसे में शुरुआती वर्षों में सरकार का प्रमुख लक्ष्य मजबूत प्रशासनिक ढांचा खड़ा करना और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार रहा। नई राजधानी नवा रायपुर (अटल नगर) की परिकल्पना, जिलों और तहसीलों का पुनर्गठन, पंचायत और नगरीय निकायों को सशक्त बनाना, इन प्रयासों ने विकास की नींव रखी। विकेंद्रीकरण के माध्यम से योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया गया। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। पिछले 25 वर्षों में सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार, उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण और किसान हितैषी नीतियों ने खेती को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाया। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, डिजिटल पंजीकरण और समय पर भुगतान जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को आर्थिक सुरक्षा दी। इससे न केवल किसान की आय बढ़ी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिली। आज छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था देशभर में एक मॉडल के रूप में देखी जाती है।

छत्तीसगढ़ की आत्मा उसके आदिवासी समाज में बसती है। राज्य गठन के बाद अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष प्रयास किए गए। वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टों का वितरण, छात्रावास और छात्रवृत्ति योजनाएं, स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रम-इन सबने सामाजिक न्याय को मजबूत किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका ऐतिहासिक रही है। लाखों ग्रामीण महिलाएं आज आर्थिक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं और ग्रामीण विकास की धुरी बन चुकी हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय प्रगति की है। नए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, कॉलेज, आईटीआई और विश्वविद्यालय स्थापित हुए। नवोदय, एकलव्य और आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों ने ग्रामीण और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर दिया।

स्वास्थ्य सेवाओं में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों तक सुविधाओं का विस्तार हुआ। मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, कुपोषण उन्मूलन और आपातकालीन सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

खनिज संपदा से समृद्ध छत्तीसगढ़ ने औद्योगिक क्षेत्र में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इस्पात, बिजली, सीमेंट और एल्युमिनियम उद्योगों ने राज्य की आर्थिक ताकत बढ़ाई। साथ ही एमएसएमई, फूड प्रोसेसिंग और आईटी जैसे नए क्षेत्रों को भी प्रोत्साहन मिला। सड़क, रेलवे, बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार ने विकास को गति दी। गांव-गांव तक बिजली और सड़क पहुंचने से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार को नया आधार मिला।नक्सलवाद छत्तीसगढ़ की सबसे जटिल चुनौतियों में से एक रहा है। लेकिन सुरक्षा उपायों के साथ-साथ विकास को प्राथमिक हथियार बनाकर सरकार ने बड़ा बदलाव किया। सड़कों, मोबाइल नेटवर्क, स्कूलों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार ने उन क्षेत्रों में भी उम्मीद जगाई, जहां कभी भय का माहौल था। विकास और संवाद ने शांति की राह खोली।पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने सुशासन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन सेवाएं, जनदर्शन और समयबद्ध सेवा गारंटी जैसी पहलों ने प्रशासन को जनता के करीब लाया। पारदर्शिता और जवाबदेही से योजनाओं का वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंचा।छत्तीसगढ़ की लोककला, नृत्य, संगीत, तीज-त्योहार और भाषा को राज्य स्तर पर संरक्षण और प्रोत्साहन मिला। यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण विकास के साथ-साथ पहचान और गर्व का प्रतीक बना। राज्य ने यह सिद्ध किया कि आधुनिकता और परंपरा साथ-साथ चल सकती हैं। आज का छत्तीसगढ़ युवा राज्य है। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्वरोजगार योजनाओं ने युवाओं को नए अवसर दिए हैं। स्टार्टअप, डिजिटल सेवाएं और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ ज्ञान, तकनीक और सतत विकास के नए केंद्र के रूप में उभर सकता है। छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी यात्रा हैं, जहां संघर्ष से संकल्प और संकल्प से सफलता की कहानी लिखी गई। यह विकास केवल इमारतों, सड़कों और आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसान की समृद्धि, आदिवासी के अधिकार, महिला की आत्मनिर्भरता और युवा के सपनों में दिखाई देता है। रजत जयंती के इस पड़ाव पर छत्तीसगढ़ आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर देख रहा है। एक ऐसा भविष्य, जो समावेशी, टिकाऊ और उज्ज्वल है। यही 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि और आने वाले कल की सबसे मजबूत नींव है।

## जीवन भर की पूंजी ठग लेते हैं साइबर ठगों

ठगों का जब खातों का नेटवर्क बन जाता है तो वे फिर आसामी खोजते हैं। उससे डिजिटल अरेस्ट जैसे बहानों से बैंक खाते से पैसे ऐंठते हैं। डिजिटल अरेस्ट के लिए जो तरीके अपनाए जाते हैं उनमें सबसे प्रचलित यह है कि उस व्यक्ति के यहां फोन करके उसको यकीन दिलाया जाता है कि सामने से किसी लॉ इन्फोर्समेंट एजेंसी यानी पुलिस, ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स विभाग का कोई व्यक्ति बोल रहा है। वह बताएगा कि आपके खाते में हवाला से पैसे आए हैं या किसी ड्रग स्मगलर के फोन में आपका नंबर मिला है या आपके पार्सल में ड्रग्स मिले हैं या आपके नाम का पासपोर्ट मिला है, जिस पर कोई आतंकवादी ट्रैवल कर रहा था या इस तरह की कई बातें हो सकती हैं। कई लोगों को खाता बंद होने की धमकी आती है तो कई लोगों को केवाईसी के लिए कहा जाता है, कई लोगों को मोबाइल बंद होने या बिजली कट जाने की बात कही जाती है तो कई लोगों को बड़े मुनाफे का लालच दिया जाता है।बहुत सारे लोग इसमें नहीं फंसते हैं। लेकिन ठगों का मकसद बहुत लोगों को फंसाना नहीं होता है। कोई भी पैसे वाला व्यक्ति इसमें फंसेगा तो उससे वे जीवन भर की पूंजी ठग लेते हैं। इसके बाद वे ठगी के पैसे को अलग अलग खातों में भेजना शुरू करते हैं। इसे लेयरिंग कहा जाता है। वे कई लेयर बना कर रखते हैं। एक खाते से दूसरे में और दूसरे से तीसरे खाते में पैसे भेज कर ये अपने म्यूल से पैसे निकलवाते हैं या एटीएम को जरिए निकालते हैं या सीधे वहां से क्रिप्टो करेंसी खरीदने के लिए भेज देते हैं। इस तरह पुलिस या जांच एजेंसियों की पहुंच असली ठग तक नहीं होती है। वे जांच करते करते पहुंचते हैं उन बेचारे गरीब, बेरोजगार या पैसे के लालच में अपना खाता दूसरों को इस्तेमाल के लिए देने वालों के पास। वे अनजाने में एक अपराध में शामिल हुए होते हैं और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी होती है और वे जेल भी जाते हैं। यह धंधा इतना फल फूल रहा है कि भारत में शायद ही कोई व्यक्ति होगा, जिसके मोबाइल नंबर पर या ईमेल में इस किस्म के काम का मैसेज नहीं आया होगा। 2014 में मोदी सरकार ने जन धन खाते खुलवाए थे।

## तस्वीरों की दुनिया



मिस इंटरनेशनल 2025 रूश सिंधु ने लखनऊ में लैक्मे एकेडमी का दौरा किया।




दक्षिणी मॉस्को में यासेनेवाया स्ट्रीट पर एक कार विस्फोट का दृश्य दिखाती है।



कोलकाता में इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया के ऑफिस के बाहर एक विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों और बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्यों के बीच झड़प हो गई।



लाहौल और स्पीति जिले में कोक्सर के पास गम्फू में ताज़ी बर्फ से ढकी घाटियों में पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के साथ लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की।



न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने न्यूजीलैंड-भारत मुक्त व्यापार समझौते के पूरा होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विधान भवन में बोल रहे हैं।

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव रिजल्ट ने बदला गेम, राउत-राहुल की फोन पर बातचीत, 15 जनवरी को क्या होगा?



**मुंबई, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में राजनीतिक माहौल में काफी बदलाव आया है। रविवार को हुए स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले सत्ताधारी गठबंधन में जोश भर गया है, वहीं विपक्षी खेमे में भी खतरे की घंटी बज गई है। ताजा घटनाक्रम से पता चलता है कि भाजपा के मजबूत प्रदर्शन ने विपक्ष को अपने गठबंधन की कमियों पर फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के सीनियर नेता संजय राउत ने आने वाले मुंबई नगर निकाय चुनावों के लिए एक साथ रणनीति पर चर्चा करने के लिए राहुल गांधी को फोन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब हाल के स्थानीय चुनावों में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के घटकों में कांग्रेस सबसे मजबूत पार्टी बनकर उभरी है।मौजूदा हालात को देखते हुए, यह कॉल सिर्फ एक शिष्टाचार से कहीं ज्यादा लगता है; यह 15 जनवरी को होने वाले बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनावों से पहले एक सर्वाइवल स्ट्रैटेजी जैसा लगता है। बातचीत के दौरान, शिवसेना सांसद ने कथित तौर पर भाजपा के खिलाफ मिलकर लड़ने पर जोर दिया।यह मेल-जोल एक बड़ा बदलाव है। हाल तक, शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस दोनों ने आने वाले चुनावों में अकेले लड़ने का इरादा जताया था। खुद राउत ने पहले संकेत दिया था कि वह अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं और कहा था, जो आना चाहता है, आ सकता है, नहीं तो हम अकेले लड़ेंगे। हालांकि, गांधी से संपर्क से पता चलता है कि उद्धव ठाकरे गुट यह समझता है कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना की रफ्तार को रोकने के लिए कांग्रेस के समर्थन की जरूरत है, जिसे अभी भाजपा के साथ गठबंधन से फायदा हो रहा है। संजय राउत की मुख्य रणनीतिक दुविधा यह है कि वे राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के साथ संभावित पार्टनरशिप और कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाए रखने के बीच संतुलन कैसे बनाएं। कांग्रेस ने यह साफ कर दिया है कि वैचारिक मतभेदों के कारण वह मनसे के साथ मंच साझा नहीं करेगी। हालांकि राउत ने पहले कांग्रेस की परवाह किए बिना ठाकरे भाइयों के फिर से एक होने का इशारा किया था, लेकिन रविवार के नतीजों से पता चलता है कि कांग्रेस के वोट शेयर के बिना, ठाकरे गुट के लिए भाजपा-शिंदे गठबंधन को हराना नामुमकिन हो सकता है। बंटवारे से पहले शिवसेना ने 25 सालों तक बीएमसी पर कंट्रोल किया था। महाराष्ट्र की राजनीति में बीएमसी पर कंट्रोल को अक्सर राज्य पर कंट्रोल के बराबर माना जाता है। जहां भाजपा किसी भी कीमत पर बीएमसी में ठाकरे परिवार का दबदबा खत्म करना चाहती है, वहीं उद्धव ठाकरे के लिए ये चुनाव खोई हुई साख वापस पाने और अपनी पार्टी के बेस को बचाने का आखिरी मौका है। पार्टी में फूट के बाद मराठी वोटों के बंटवारे को रोकने के लिए, ठाकरे गुट ने राज ठाकरे के साथ हाथ मिलाने पर विचार किया है। हालांकि, इससे मुस्लिम और उत्तर भारतीय वोटरों के बीच पार्टी की स्थिति को खतरा हो सकता है।

# गुजरात में शराब पीने के लिए नए नियम लागू, सिर्फ आईडी दिखाकर ले सकेंगे आनंद, आंध्र प्रदेश में रिकॉर्ड बिक्री



**अहमदाबाद, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

गुजरात एक ड्राई स्टेट है, जहां शराब के उत्पादन, बिक्री और सेवन पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। गुजरात जाने वाले टूरिस्ट को शराब पीने के लिए अब तक परमिट बनवाना पड़ता था। लेकिन अब यह नियम पूरी तरह से बदल गए हैं। राज्य सरकार ने परमिट बनवाने के झंझट को खत्म कर दिया है। राज्य सरकार ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी में शराब पीने के संबंध में एक नोटिफिकेशन जारी किया गया। 20 दिसंबर को जारी इस नोटिफिकेशन के मुताबिक, गिफ्ट सिटी के अंदर निर्धारित होटलों या रेस्टोरेंट में अब सिर्फ फोटो आईडी दिखाकर ही शराब पी जा सकती है।यह नियम पहले की तरह ही केवल गुजरात के बाहर रहने वाले लोगों और विदेशी नागरिकों पर लागू होंगे। गुजरात सरकार ने एक संशोधन और किया है। पहले गिफ्ट सिटी में शराब बेचने के लाइसेंस प्राप्त होटल या रेस्टोरेंट को तय वाइन और डाइन एरिया में ही शराब परोसने की अनुमति थी।

लेकिन नोटिफिकेशन में इस बाध्यता को भी खत्म कर दिया गया है। अब शराब का सेवन लॉन, पूल साइड और टेरेस जैसी दूसरी जगहों पर भी किया जा सकता है। बता दें कि गुजरात सरकार ने 2023 में GIFT सिटी के लिए एक छूट दी थी, जिसमें कुछ शर्तों के साथ सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट के अंदर शराब की बिक्री और सेवन की अनुमति दी गई थी। उधर आंध्र प्रदेश में भी शराब की बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंध्र सरकार को अक्टूबर 2024 से 2025 के बीच 7,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का एक्साइज रेवेन्यू मिला है। 1 अप्रैल से 17 दिसंबर के बीच राज्य में शराब की बिक्री में 4.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

# केरल में मॉब लिंचिंग पर मुख्यमंत्री ने पीड़ितों को दिया न्याय का आश्वासन, विपक्ष हमलावर



**केरल, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

केरल सरकार ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के एक निवासी की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या (माब लिंचिंग) किए जाने के मामले में कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया और परिवार को न्याय दिलाने का वादा किया।वहीं, सत्तारूढ़ माकपा ने इस हमले को लेकर आरएसएस पर निशाना साधा। पलक्कड़ जिले के वालयार के पास किझाकेट्टप्पल्लम में चोरी में शामिल होने के आरोप में 31 वर्षीय रामनारायण की बुधवार को कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने सोमवार को आश्वासन दिया कि पलक्कड़ जिले के वालयार में भीड़ हिंसा में जान गंवाने वाले छत्तीसगढ़ के मूल निवासी रामनारायण के परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस घटना को बेहद चिंताजनक बताया और कहा कि ऐसे कृत्य केरल जैसे प्रगतिशील समाज की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं और पूरी तरह अस्वीकार्य हैं।राज्य मंत्री एम बी राजेश ने दावा किया कि पीड़ित के साथ नस्लीय दुर्व्यवहार किया गया और हमलावर आरएसएस कार्यकर्ता थे। सत्तारूढ़ माकपा के राज्य सचिव एम वी गोविंदन ने भी आरोप लगाया कि इस घटना में आरएसएस-भाजपा कार्यकर्ताओं का हाथ था।

# यूपी के इस शहर में लाइटिंग से झलकेगी सांस्कृतिक पहचान मंदिर परिसर में लगेंगी त्रिशूल-डमरू के डिजाइन वाली लाइटें



**गोरखपुर, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

गोरखनाथ मंदिर में लगने वाले खिचड़ी मेले को इस वर्ष और अधिक भव्य, आकर्षक एवं सुव्यवस्थित स्वरूप देने की तैयारी नगर निगम की ओर से की जा रही है। मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षक लाइटिंग के माध्यम से गोरखपुर की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान की झलक दिखाई जाएगी। इसके लिए मेला क्षेत्र के डिवाइडरों पर त्रिशूल और डमरू के डिजाइन में विशेष सजावटी लाइटें लगाई जाएंगी। इन लाइटों की डिजाइन को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए मेला परिसर में दो भव्य और आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त पथ-प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

नगर निगम की ओर से मेला परिसर के भीतर और बाहर ब्रांडिंग के साथ कटआउट और संदेश बोर्ड लगाए जाएंगे।इनके माध्यम से स्वच्छता, सुरक्षा और अनुशासन को लेकर श्रद्धालुओं को जागरूक किया जाएगा। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं, ताकि मेले के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। खिचड़ी मेले को पूरी तरह पालिथीन मुक्त बनाने के लिए विशेष पहल की जा रही है। श्रद्धालु प्रसाद और खिचड़ी केवल जूट बैग में ही चढ़ा सकेंगे। नगर निगम की ओर से श्रद्धालुओं को निशुल्क जूट बैग भी उपलब्ध कराए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रमुख स्थानों पर जूते-चप्पल रखने के लिए निश्शुल्क स्टैंड लगाए जाएंगे।वहीं, ठंड के मौसम को देखते हुए मेला परिसर में जगह-जगह अलाव की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम का प्रयास है कि इस बार खिचड़ी मेला आस्था के साथ-साथ सुविधा, स्वच्छता और सुंदरता का भी उदाहरण बने।

## नेपाल चुनाव से पहले मतदाता सूची में 10 लाख से अधिक नए वोटर जुड़े

**काठमांडू।** नेपाल में पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव से पहले मतदाता सूची में 10 लाख से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ा गया है। निर्वाचन आयोग के सूचना अधिकारी सुमन घिमिरे ने बताया कि नए चुनाव की घोषणा के बाद देशभर से कुल 10,16,754 नए मतदाताओं का पंजीकरण किया गया है। उन्होंने यह जानकारी काठमांडू स्थित निर्वाचन आयोग कार्यालय में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम के दौरान दी। आयोग के अनुसार, वर्ष 2022 में हुए पिछले आम चुनाव में कुल एक करोड़ 81 लाख 68 हजार पंजीकृत मतदाता थे। नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 दिसंबर को किया जाएगा।इस बीच, प्रतिनिधि सभा चुनाव में भाग लेने के लिए निर्वाचन आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दलों की संख्या भी बढ़कर 114 हो गई है, जबकि 2022 के चुनाव में 87 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया था।

## सॉस पैन से लेकर शैम्पेन कप तक... फ्रांसीसी राष्ट्रपति भवन से हजारों यूरो के चांदी के बर्तन चोरी



**फ्रांस।** फ्रांस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास से चांदी के बर्तन और कीमती टेबलवेयर की संदिग्ध चोरी के मामले में अगले साल तीन लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा। इस बात की जानकारी पेरिस अभियोजक कार्यालय ने दी। गायब हुई चीजों की कीमत 15,000 से 40,000 यूरो (17,500-46,800 डॉलर) के बीच बताई जा रही है, जिसकी पहली रिपोर्ट एलिसी पैलेस के हेड स्टीवर्ड ने की थी। चोरी की गई चीजों में सेवर पोर्सिलेन, बैकारेट शैम्पेन ग्लास, तांबे के सॉसपैन और रेने लालिक की एक मूर्ति शामिल थी, जिनका इस्तेमाल राजकीय भोज और आधिकारिक कार्यक्रमों के दौरान किया जाता था।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, जांच में चोरी का पता पैलेस के एक सिल्वर स्टीवर्ड, थॉमस एम से चला, जब कर्मचारियों ने इन्वेंट्री रिकॉर्ड में अनियमितताएं देखीं।अभियोजकों ने बताया कि उसके पर्सनल लॉकर, गाड़ी और घर से लगभग 100 चीजें बरामद की गईं। बरामद चीजों में से कुछ ऐसी थीं जिनकी पहचान सेवर मैन्युफैक्चरिंग ने ऑनलाइन नीलामी वेबसाइटों पर की थी। थॉमस एम और उसके पार्टनर डेमियन जी को मंगलवार को चोरी के शक में गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति घिसलेन एम को चोरी का सामान खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

# दिल्ली में प्रदूषण का कहर: आई ड्रॉप, मास्क और नेबुलाइजर की बिक्री में भारी उछाल



**नईदिल्ली, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सर्दियों की ठंड के साथ प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन, लालिमा और सांस लेने में परेशानी हो रही है। ऐसे में दिल्ली के अंदर मेडिकल स्टोर पर आई ड्रॉप, मास्क और नेबुलाइजर की बिक्री में तेजी आई है।केमिस्टों का कहना है कि दिल्ली में हर साल बढ़ते प्रदूषण की वजह से आंखों की देखभाल और सांस से जुड़ी बीमारियों के प्रोडक्ट्स और दवाओं की डिमांड बढ़ जाती है। लुटियंस दिल्ली में केमिस्ट्स के सुरेश ने कहा, जब भी प्रदूषण का लेवल बढ़ता है तो आई ड्रॉप्स, नेजल स्प्रे और मास्क की बिक्री में साफ तौर पर बढ़ोतरी होती है।वे आमतौर पर देखते हैं कि खांसी की सिरप सबसे ज्यादा बिकती हैं, लेकिन इस मौसम में आई ड्रॉप्स ज्दाया तेजी से बिक रही हैं। आरएमएल हॉस्पिटल के पास राम फार्मेसी में काम करने वाले केमिस्ट श्रवण ने बताया कि आजकल लोग आंखों में जलन और लालिमा की शिकायत लेकर ज्यादा आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, आई ड्रॉप्स, स्टीम इनहेलेशन इंस्ट्रूमेंट्स और नेजल स्प्रे सामान्य से कहीं ज्यादा बिक रहे हैं और इनकी डिमांड में काफी बढ़ोतरी हुई है। राजकमल केमिस्ट्स के अमित गुप्ता ने कहा कि ठंडे मौसम और प्रदूषण के कारण होने वाला सूखापन आई ड्रॉप की बिक्री में बढ़ोतरी का एक मुख्य कारण है। उन्होंने कहा, आई ड्रॉप्स और नेजल स्प्रे की कीमतों में आसानी से 10 से 15 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। इस मौसम में तेज ठंड और प्रदूषण के कारण आंखें जल्दी सूख जाती हैं। दिल्ली ड्रग ट्रेडर्स एसोसिएशन का कहना है कि यह मौसमी ट्रेंड जाना-पहचाना है।

यूनियन के जनरल सेक्रेटरी आशीष दवराज ने कहा, हर साल, जैसे ही सर्दी आती है और प्रदूषण का लेवल बढ़ता है, हम आई ड्रॉप, मास्क और उनसे जुड़ी चीजों की बिक्री में मौसमी बढ़ोतरी देखते हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान आई ड्रॉप्स लगातार सबसे ज्यादा डिमांड वाली चीजों में से एक होती हैं।ग्राहक यह भी कहते हैं कि फार्मेसी में उनके चक्कर काफी बढ़ गए हैं। 24 साल के अमित ने एक फार्मेसी के बाहर खड़े होकर कहा, पहले, एक घर के लिए एक दवा काफी होती थी। अब हम बुजुर्गों के लिए आई ड्रॉप्स, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए मास्क और अपने लिए टैबलेट खरीद रहे हैं।

# पहले पूरे खाने को करती है ब्लेंड फिर मुंह से नहीं नाक से खाती है ये महिला



**वर्जीनिया, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

वर्जीनिया अमेरिका के वर्जीनिया में रहने वाली एक महिला ने खाना खाने का अनोखा ही तरीका निकाला है। पहले वह पूरे खाने को ब्लेंड करती है फिर उसे नाक के जरिए खाती है। इस महिला का नाम कैथरीन है और उसे ये अजीब सी लत लग गई है। वह TLC पर आने वाले पॉपुलर शो माई स्ट्रेंज एडिक्शन के आने वाले सीजन में नजर आने वाली है। इस शो में लोगों की सालों से तरह-तरह की अजीब आदतें दिखाई जाती हैं, जैसे एक आदमी ने बताया कि उसे कांच खाना पसंद है तो एक ने बताया कि उसने अपनी पत्नी का दूध पीना क्यों शुरू किया।

जब से वह कॉलेज में थी, जब उसे पहली बार अपने खाने का कुछ हिस्सा नाक से खाने का चैलेंज मिला था, तब से यह अमेरिकी महिला अपने तीनों टाइम के खाने को ब्लेंड करके अपनी नाक में डालती है। वह अब बिल्कुल भी खाना नहीं चबाती। इसके बजाय, वह पूरे खाने को ब्लेंड करके उसे नाक से खाती हैं और इस काम को दिखावा नहीं बल्कि अपनी रोज की आदत बताती हैं।अब वह नाश्ता, लंच और डिनर को लिक्विड बनाकर उस मिक्सचर को नाक के जरिए अंदर लेकर जाती हैं। एपिसोड में दिखाया गया है कि वह अपने नए बॉयफ्रेंड एलेक्स को इस आदत के बारे में बताने की तैयारी कर रही है और उन्हें नहीं पता कि वह कैसा रिएक्ट करेगा।

एक दर्शक ने लिखा, अपना सारा खाना नाक से खा रही है?! यह क्या बकवास है। दूसरे ने कहा, लोगों के साथ ऐसा होने का कोई कारण तो होगा, मुझे जानने की उत्सुकता है कि कैसे और क्यों। तीसरे ने कमेंट किया। अगर वे ऐसा करते रहे तो उनमें से आधे मर जाएंगे। एक और रिएक्शन था। मैं जज नहीं करना चाहता, लेकिन यार तुमने इसे मुश्किल बना दिया! मुझे उल्टी आ रही थी।

## झारखंड में पैरेंटल मैपिंग अनिवार्य, एसआईआर में गलतियों से बचें मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन सुनिश्चितः के. रवि कुमार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने पदाधिकारियों से कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाताओं की पैरेंटल मैपिंग अधिक से अधिक मतदाताओं की करें, ताकि कोई भी मतदाता इससे वंचित न रहे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों तथा सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर रहे थे। इस क्रम में उन्होंने कहा कि मैपिंग के क्रम में मतदाताओं की उनके पैरेंट्स से ही मैपिंग करें। साथ ही इसमें चुनाव आयोग के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन हो। एसआईआर के दौरान मतदाताओं को कम से कम दस्तावेज देना पड़े, इसे भी सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने एसआईआर के दौरान होनेवाली गलतियों की जानकारी देते हुए उनसे बचने के उपाय बताए। साथ ही मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन को लेकर सामान्य समस्याओं की बिंदुबार समीक्षा करते हुए उसके समाधान के उपाय बताए। नजरी नक्शा बनाते समय नए घरों अथवा जिन घरों को कोई भी नंबर नहीं दिया गया है, उनके संबंध में भी जानकारियां दीं। इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, नोडल पदाधिकारी देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर आदि भी उपस्थित थे।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में मुख्य हथियार बनकर उभरा ड्रोन, कैसे रूसी सैनिकों को बनाया निशाना

**नई दिल्ली।** यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध में ड्रोन एक प्रमुख हथियार बनकर उभरे हैं। यूक्रेनी सेना द्वारा जारी एक नए वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे ड्रोन रूसी सैनिकों को निशाना बना रहे हैं।टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए फुटेज में रूसी सैनिक घोड़ों पर सवार होकर जा रहे हैं, जबकि एक यूक्रेनी ड्रोन उनके ऊपर नजर रखे हुए है। क्लिप में एक रूसी सैनिक खुले मैदान में घोड़े पर सवार होकर जा रहा है और ड्रोन हमला करता है, जिससे सैनिक घायल हो जाता है। यूक्रेनी ब्रिगेड ने टेलीग्राम पर एक मैसेज पोस्ट किया, जिसमें कहा गया, रूसी हमलावर अपने मीट असॉल्ट के दौरान इतनी तेजी से अपने इक्विपमेंट खो रहे हैं कि उन्हें घोड़ों पर घूमना पड़ रहा है।लेकिन इससे भी उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है। 92वीं इन्फैंट्री ब्रिगेड की 5वीं असॉल्ट बटालियन के ड्रोन ऑपरेटर जैसे ही टारगेट देखते हैं, दुश्मन को खत्म कर देते हैं।

# काम लटकाने वाले लटक जाएंगे, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा की भूमि विभाग में सख्ती, संपत्ति जब्त करने की दी चेतावनी



**मुजफ्फरपुर, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राजद सरकार के खात्मे के बाद नीतीश कुमार ने राज्य की कमान संभाली थी। राज्य में सुशासन के साथ जीरो टालरेंस को लेकर वह जहां भी जाते थे, जनता शिकायतों का पिटारा खोल देती थी। शिकायतों का आन द स्पाट निपटारा। सीओ तक का सस्पेंशन। लंबे समय बाद कुछ यही दृश्य बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के श्रीकृष्ण सिंह प्रेक्षागृह में सामने आया। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लोगों को बताया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में जीरो टालरेंस पर काम होगा। उदाहरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दिया। पदाधिकारियों से लेकर कर्मचारियों को नसीहत दी, मेरे ऊपर मुख्यमंत्री ही हैं। मेरा भी नाम लेकर कोई गलत करने की पैरवी करे तो काम नहीं करें। मुख्यमंत्री का भी यह स्पष्ट निर्देश है। इसलिए काम लटकाने वाले लटक जाएंगे। जो बेहतर काम करेंगे उन्हें जीपीएस युक्त बाइक के साथ सम्मान भी दिया जाएगा। वहीं सरकारी संपत्ति की दाखिल खारिज करने वालों पर कार्रवाई ही नहीं, उनकी संपत्ति तक जब्त करने की चेतावनी दी। उपमुख्यमंत्री ने संवाद की शुरुआत करते हुए खुद से आवेदकों को बुलाया। बालूघाट के आवेदक ने आते ही शिकायतों की झड़ी लगा दी। कहा, उसके घर के सामने एक व्यक्ति का बसा दिया गया। पिछले 25 वर्षों से वह कर्मचारी से लेकर लेकर अधिकारी के यहां चक्कर काट रहा हूं। नैतिकता कही बची ही नहीं। मुशहरी सीओ ने मामले में अनभिज्ञता जताई, मगर उपमुख्यमंत्री ने काउंटर सवाल दाग दिया। अगर आप इस मामले को नहीं जानते तो आपका दस्तखत कैसे है।सबसे रोचक मामला रमेश कुमार का आया। आवेदक ने बताया, सर पूरी संपत्ति बेचकर एक व्यावसायिक जमीन खरीदी है। इसमें मुशहरी सीओ व्यक्तिगत रूप से खेल कर रहे हैं। मृत महिला के नाम से आपत्ति डाल दी गई। बाद में दूसरी महिला के नाम से डीड संलग्न कर दिया गया। सवाल के तुरंत बाद सीओ महेंद्रनाथ शुक्ला ने कहा, सर यह सौ करोड़ का मामला है। कलमबाग चौक के पास के इस मामले में बहुत दबाव दिलवाया गया है। बस चलता तो ये मारकर फेंक देते। अपर समाहर्ता कुमार प्रशांत ने बताया कि इस मामले में दाखिल-खारिज नियमावली का पालन नहीं किया गया था। उपमुख्यमंत्री ने इस मामले में कमेटी बनाकर जांच का आदेश दिया। एक महिला ने आरोप लगाया कि राशि लेकर उसका दाखिल-खारिज के आवेदन को रिजेक्ट कर दिया गया। अपनी व्यथा बताते-बताते वह रो पड़ी। उसके कागजात भी सही थे। उपमुख्यमंत्री के सख्त तेवर देख मुशहरी सीओ ने खुद स्वीकार कर लिया कि गलती हुई है। कहा, सर मैं गलती स्वीकार करता हूं।मैं खुद इनसे अपील कराया हूं। विजय कुमार सिन्हा संतुष्ट हुए। हालांकि मुशहरी की लगातार समस्या को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि एडीएम साहेब आप खुद अंचल के मामले की मानीटरिंग करिए। 10 दिनों में रिपोर्ट दीजिए। इसी तरह अहियापुर थाना क्षेत्र की जमीन को लेकर एक महिला ने शिकायत की कि जय शंकर यादव नामक व्यक्ति ने उसकी जमीन जोत ली है। जबकि उसकी मापी हो चुकी है। सभी कागजात उसके पास हैं। मामले को एसएसपी के स्तर से निपटाने के लिए कहा गया। मुशहरी के बाद कुढ़नी अंचल के मामले की सुनवाई हुई। इसमें रोचक मामला एक ही जमीन को दो लोगों द्वारा बेचे जाने की बात सामने आई। इसके अलावा फर्जी दस्तावेज आवेदन में लगाने की बात बताई गई।उपमुख्यमंत्री ने कहा, सही जमीन को विवादित करने वाले जेल जाएंगे। इस मामले में सात वर्षों तक की सजा हो सकती है। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों से फर्जी दस्तावेज लगाने वालों की जांच का आदेश दिया।

# ओमान ने जारी किया पहला पॉलीमर वन-रियाल बैंकनोट



**नईदिल्ली, 23 दिसम्बर [एजेंसी]।**

ओमान ने अपना पहला पॉलीमर वन-रियाल का बैंकनोट पेश किया है, जिसे पिछले नोटों की तुलना में ज्यादा समय तक चलने और सुरक्षित रहने के लिए डिजाइन किया गया है। यह नया बैंकनोट 11 जनवरी, 2026 से चलन में आएगा और देश की सांस्कृतिक और आर्थिक उपलब्धियों को भी दिखाता है।ओमान के सेंट्रल बैंक ने जो वन-रियाल का पॉलीमर बैंकनोट जारी किया है, पहली बार इस मटीरियल में करेंसी जारी की है। पारंपरिक कॉटन आधारित नोटों के उलट, पॉलीमर टिकाऊ होता है और इसमें जाली नोटों को रोकने में मदद करने के लिए एडवांस्ड सिक्योरिटी फीचर्स होते हैं। इस नोट का साइज 145 बाई 76 मिलीमीटर है, जिसमें डिजाइन, विरासत और राष्ट्रीय गौरव का मेल है। सामने की तरफ ओमान बॉटैनिकल गार्डन है, जो देश की अपनी प्राकृतिक विरासत को बचाने की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

पीछे की तरफ सैय्यद तारिक बिन तैमूर कल्चरल कॉम्प्लेक्स, दुक्म पोर्ट और रिफाइनरी दिखाई देती है, जो ओमान के सांस्कृतिक स्थलों और आर्थिक प्रगति को दिखाता है।ओमान बॉटनिक गार्डन की मेहराबदार खिड़कियों से प्रेरित एक बड़ी पारदर्शी खिड़की, देखने में अच्छी लगती है और सुरक्षा भी देती है। सामने की तरफ एक रंग बदलने वाली फॉइल है जिस पर लोबान का पेड़ बना है, जबकि सेंट्रल बैंक का लोगो पीछे की तरफ चमकदार, रंग बदलने वाली स्याही में छपा है।ये खासियतें इस नोट को खास और सुरक्षित बनाती हैं। सेंट्रल बैंक ने पुष्टि की है कि नया पॉलीमर नोट मौजूदा वन-रियाल के बैंकनोट के साथ चलेगा और लेन-देन के लिए पूरी तरह से कानूनी रहेगा।इसके अलावा, कलेक्टर और आम लोग लिमिटेड एडिशन खरीद सकते हैं, जिसमें 1,000 बिना कटे शीट और 10,000 खास पैकेज वाले नोट शामिल हैं।

# घर को साफ-सुथरा रखने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके, नहीं करनी पड़ेगी ज्यादा मेहनत



घर को साफ-सुथरा रखना एक जरूरी काम है, लेकिन इसे करने में अक्सर काफी मेहनत लगती है, खासकर जब कामकाजी महिलाएं या पुरुष होते हैं तो उनके लिए घर की सफाई करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप बिना ज्यादा मेहनत किए अपने घर को साफ-सुथरा रख सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आपका घर हमेशा चमचमाता रहेगा और आपको भी आराम मिलेगा।

रोजाना झाड़ू लगाएं

रोजाना झाड़ू लगाना सबसे सरल और प्रभावी तरीका है जिससे आप अपने घर को साफ-सुथरा रख सकते हैं। सुबह या शाम, जब भी आपके पास थोड़ा समय हो, बस एक झाड़ू लें और पूरे घर में झाड़ू लगाएं। इससे धूल-मिट्टी हट जाएगी और आपके घर का माहौल ताजा रहेगा। अगर आप रोजाना झाड़ू लगाएंगे तो आपको हर हफ्ते में एक बार गहरी सफाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कपड़ों को सही जगह रखें

अक्सर कपड़े इधर-उधर पड़े रहते हैं जिससे घर अस्त-व्यस्त दिखने लगता है। इसके लिए बस एक कपड़े रखने वाला बास्केट या हैंगर अपने घर में रखें ताकि जब भी कोई कपड़ा उतारे तो उसे वहीं पर डाल दें। इससे आपके घर का माहौल व्यवस्थित रहेगा और आपको हर दिन कपड़ों को ठीक करने में समय नहीं बर्बाद करना पड़ेगा। यह तरीका आपके घर को साफ-सुथरा रखने में काफी मदद करेगा।

रसोई की सफाई करें नियमित रूप से

रसोई घर का सबसे अहम हिस्सा होता है इसलिए इसे साफ-सुथरा रखना बहुत जरूरी है। रोजाना खाना बनाने के बाद बचे हुए बर्तन धो लें और रसोई की सतहों को पोछ लें। हफ्ते में एक बार गहरी सफाई करें जैसे कि फ्रिज की सफाई, रसोई के अलमारी की सफाई आदि। इससे आपकी रसोई हमेशा ताजा और साफ-सुथरी रहेगी। इसके अलावा इससे बैक्टीरिया और कीटाणुओं का खतरा भी कम हो जाएगा और आपका खाना सुरक्षित रहेगा।

बाथरूम की सफाई करें नियमित रूप से

बाथरूम भी घर का अहम हिस्सा होता है इसलिए इसे भी साफ-सुथरा रखना जरूरी है। रोजाना इस्तेमाल के बाद बाथरूम की सतहों को पोछ लें और हफ्ते में दो बार फ्लश करें। हफ्ते में एक बार बाथटब या नहाने की जगह की सफाई करें। इससे बैक्टीरिया और गंदगी का खतरा कम हो जाएगा। इसके अलावा बाथरूम में समय-समय पर खुशबूदार स्प्रे का उपयोग करें ताकि वहां की महक ताजा रहे और आप हमेशा ताजगी महसूस करें।

बैठक की अव्यवस्था को दूर करें

बैठक वह जगह होती है जहां परिवार मिलकर समय बिताता है इसलिए इसे व्यवस्थित रखना बहुत जरूरी है। हर दिन इस्तेमाल किए गए सामान जैसे कि रिमोट, मोबाइल आदि को उनकी जगह पर रखें। हफ्ते में एक बार बैठक की गद्दों को झाड़े और साफ करें ताकि वहां की फर्श अच्छी दिखें और धूल-मिट्टी हट जाए। `इन आसान तरीकों को अपनाकर आप बिना ज्यादा मेहनत किए अपने घर को साफ-सुथरा रख सकते हैं।



## धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में काम करने पर बोलीं आयशा खान

आयशा खान एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में लगातार अपनी जगह बना रही हैं। 2025 उनके लिए काफी अच्छा रहा है। आयशा सबसे पहले बिग बॉस 17 में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर सुर्खियों में आई थीं। तब से उन्होंने टेलीविजन, रीजनल सिनेमा, रियलिटी शो और म्यूजिक वीडियो में अपने काम का दायरा बढ़ाया है। धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में अपनी हालिया अपीयरेंस के साथ, उन्होंने मेनस्ट्रीम हिंदी सिनेमा में कदम रखा है। बालवीर रिटर्न्स, तेलुगु फिल्म प्रोजेक्ट्स और टीवी शो दिल को रफू कर ले में अपनी अदाकारी के लिए तारीफ बटोर चुकीं आयशा ने हाल ही में धुरंधर में एक स्पेशल डांस परफॉर्मेंस से सबका ध्यान खींचा है। गाने में आयशा की स्क्रीन प्रेजेंस की भी तारीफ हो रही है। किस किसको प्यार करूं 2 की कास्ट में भी वह शामिल हैं। इसमें उन्होंने कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन शेयर की है। टीवी से लेकर फिल्मों तक के सफर के बारे में बात करते हुए आयशा कहती हैं पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए बहुत खास रहे हैं। धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 का हिस्सा बनकर ऐसा लग रहा है जैसे मैंने जिस चीज के लिए मेहनत की थी, वह धीरे-धीरे पूरी हो रही है। इसने इस बात को पक्का कर दिया है कि मुझे सेट पर रहना और अपना काम करना पसंद है। वह आगे कहती हैं, आदित्य सर के साथ काम करना सीखने का बहुत अच्छा अनुभव था। उनका तरीका मुझे ज्यादा जागरूक और प्रेरित करने वाला लगा।

## ब्लू बनारसी साड़ी में अनन्या पांडे लगीं अप्सरा यूनिक ब्लाउज डिजाइन ने खींचा सबका ध्यान


कार्तिक आर्यन की हीरोइन अनन्या पांडे चर्चा में छाईं. सोशल मीडिया पर उनकी लेटेस्ट तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें वह ब्लू बनारसी साड़ी पहने नजर आ रही हैं. अनन्या के इस गॉर्जियस लुक ने फैंस का दिल पूरी तरह जीत लिया है. उनकी तस्वीरें सामने आते ही इंटरनेट पर खूब शेयर हो रही हैं और कोई उनके इश लुक की तारीफ कर रहा है, तो कई उनको ट्रोल भी करते दिख रहे हैं.

अनन्या की ये खूबसूरत तस्वीरें फैशन डिजाइनर प्रियंका कपाड़िया ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर की हैं. तस्वीरों में अनन्या की नैचुरल ब्यूटी और भी निखरा हुआ चेहरा नजर आ रहा है. कैमरे के सामने उनका कॉन्फिडेंस और ग्रेस देखकर फैंस की नजरें उन पर टिक ही जा रही हैं. एक्ट्रेस ने इस बार ब्लू बनारसी साड़ी को चुना है, जिसमें बेहद बारीक गोल्डन जरी की कारीगरी की गई है. साड़ी पर किया गया हैंडवर्क इसे और भी एलिगेंट बना रहा है. अनन्या ने पल्लू को ट्रेडिशनल तरीके से नहीं, बल्कि रैप स्टाइल में लिया है, जिसमें उनका कर्वी फिगर फ्लॉन्ट हो रहा है. अनन्या के इस लुक को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा उनके हॉल्टर नेक ब्लाउज पर हो रही है. इस ब्लाउज में मॉडर्न और ट्रेडीशनल का परफेक्ट मिक्स देखने को मिल रहा है. पीछे की ओर दी गई डोरी पूरे लुक का फोकस नेकलाइन पर ले आ रही है. इसी ब्लाउज को देखते हुए कई फैंस ने उन्हे ट्रोल भी किया है, लोगों का सवाल है कि उन्होंने इतना टाइट ब्लाउज कैसे मैनेज किया?, इस तरह का एक नहीं बल्कि कई यूजर्स ने सवाल किया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. कई यूजर्स को अनन्या का ये स्टाइल पसंद नहीं आया और उन्होंने एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया, सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने यह सवाल किया, लेकिन अनन्या का कॉन्फिडेंस बता रहा है कि उन्होंने इसे बेहद खूबसूरती से कैरी किया है. अनन्या ने अपने आउटफिट को गोल्डन चांदबाली इयरिंग्स के साथ मैच किया है, जिनमें पर्ल और ग्रीन एमरल्ड की डिटेलिंग है. मेकअप नैचुरल रखा गया है ताकि साड़ी की रिचनेस उभरकर आए. बालों में लाल गुलाब लगाकर उन्होंने अपने लुक को क्लासी और एथनिक टच दिया है.



काम की बात करें तो अनन्या जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में नजर आएंगी. इसके अलावा वह लक्ष्य के साथ अपनी रोमांटिक फिल्म चांद मेरा दिल में भी दिखाई देंगी.

# फोन को स्क्रॉल करने की बजाय शाम में इन आदतों को बनाएं हिस्सा



आजकल कई लोग शाम को अपने फोन को स्क्रॉल करते हैं और इससे आंखों पर बुरा असर पड़ता है। इसके अतिरिक्त फोन के ज्यादा इस्तेमाल से नींद भी प्रभावित होती है। अगर आप भी फोन पर समय बिताना पसंद करते हैं तो अपनी शाम की दिनचर्या में कुछ ऐसी आदतें शामिल करनी चाहिए, जो सेहत को लाभ पहुंचाएं। आइए आज आपको कुछ ऐसी आदतें बताते हैं, जो शाम को फोन का कम इस्तेमाल करने पर मजबूर कर सकती हैं।

कुछ देर टहलें या हल्का एक्सरसाइज करें

शाम के समय कुछ देर टहलना या हल्की-फुल्की एक्सरसाइज करना आंखों की सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, शाम के समय टहलने या एक्सरसाइज करने से शरीर में रक्त का प्रवाह अच्छा होता है और शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है। इसके अतिरिक्त इससे पाचन क्रिया भी ठीक रहती है। अगर आपको टहलने या एक्सरसाइज करने में कोई परेशानी है तो आप योग भी कर सकते हैं।

**परिवार के साथ समय बिताएं**

अगर आप शाम के समय अपने परिवार के साथ कुछ वक्त बिताएंगे तो इससे आपका मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा और आप फोन पर समय बिताने से बच पाएंगे। परिवार के साथ समय बिताने से आप अपने तनाव और थकान को कम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त परिवार के साथ समय बिताने से आपके रिश्ते भी मजबूत होते हैं। परिवार के साथ समय बिताने से आप अपने परिवार के सदस्यों के करीब भी आ जाते हैं।

**किताब पढ़ें**

शाम के समय किताब पढ़ना एक बेहतरीन आदत है। इससे आपका दिमाग शांत होता है और फोन पर समय बिताने की इच्छा कम होती है। किताबें पढ़ने से न केवल आपकी जानकारी बढ़ती है, बल्कि यह आपकी सोचने की क्षमता को भी सुधारती है। इसके अलावा किताबें पढ़ने से आपकी कल्पनाशीलता भी बढ़ती है और आप नए विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। किताबें पढ़ने से आप अपने ज्ञान को भी बढ़ा सकते हैं।

**ध्यान लगाएं**

शाम के समय ध्यान लगाना आंखों की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। ध्यान से न केवल आपका मानसिक तनाव कम होता है, बल्कि इससे आपकी आंखों की थकान भी दूर होती है। ध्यान लगाने से आपकी आंखों की मांसपेशियां आराम महसूस करती हैं और उनकी थकान कम होती है। इसके अलावा ध्यान से आपकी नींद भी बेहतर होती है, जिससे आंखों को आराम मिलता है और उनकी सेहत में सुधार होता है।

**नींद पूरी करें**

शाम के समय अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है ताकि अगली सुबह तरोताजा महसूस करें। अच्छी नींद लेने के लिए सोने से पहले मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे नींद पर बुरा असर पड़ता है। सोने से पहले हल्का संगीत सुनें या किताब पढ़ें। इससे आपकी नींद अच्छी आएगी और आप अगले दिन तरोताजा महसूस करेंगे। अच्छी नींद लेने से आपका मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा और आप अधिक ऊर्जा महसूस करेंगे।

## हैप्पी पटेल ट्रेलर रिलीज, स्पाई कॉमेडी में आमिर खान और वीर दास की मस्ती, इमरान खान की हुई वापसी



आमिर खान प्रोडक्शंस ने अपनी नई जासूसी कॉमेडी 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' का ऐलान बड़े ही मजेदार और हटके अंदाज में किया था, जिसने दर्शकों की जिज्ञासा तुरंत बढ़ा दी थी. वीर दास के निर्देशन में बनी और उन्हीं के साथ मोना सिंह की अहम भूमिका वाली इस फिल्म का अनाउंसमेंट खुद में एक फन पैकेज था, जिसने हर तरफ चर्चा पैदा कर दी. अब जब उत्साह अपने चरम पर है, तो फिल्म का ट्रेलर सामने आ चुका है, जो भरपूर हंसी, मस्ती और मनोरंजन का वादा करता है. अब हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है और यह मजे को एकदम नए लेवल पर ले जाता है. ट्रेलर में जबरदस्त ह्यूमर और कई मज़ेदार, हटके पल देखने को मिलते हैं, जो साफ संकेत देते हैं कि फिल्म पूरी तरह एंटरटेनमेंट से भरी होने वाली है. निर्देशक और अभिनेता दोनों की भूमिका में वीर दास अपनी अलग और फ्रेश कॉमेडी स्टाइल लेकर आए हैं, जो खूब हंसाने वाली है. एनर्जी, चार्म और यंग वाइब से भरा यह ट्रेलर फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ा रहा है. हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस के ट्रेलर में वीर दास एक बिल्कुल नए अंदाज में नजर आते हैं, जहां वह एक परफेक्ट लेकिन थोड़े इम्परफेक्ट जासूस बने हैं, जो एक मिशन पर निकले हैं. कहानी आगे बढ़ते ही वह मुसीबतों में फंस जाते हैं और फिर शुरू होता है पूरा हंगामा, जो देखने में बेहद मजेदार लगता है. मोना सिंह अपने रॉ और दमदार अवतार से चौंकाती हैं, जैसा उन्हें पहले कभी स्क्रीन पर नहीं देखा गया, वहीं मिथिला पालकर अपनी अलग सी मासूमियत और चार्म जोड़ती हैं. आमिर खान का बिल्कुल अलग और अनोखा लुक कहानी में एक और जोरदार तड़का लगा देता है. कुल मिलाकर, यह ट्रेलर मस्ती और पागलपन से भरी एक फुल ऑन रोलरकोस्टर राइड है. मेकर्स ने सोशल मीडिया पर ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, गाँववालों ज वो एक शेफ है, वो एक एजेंट है (थोड़ा-सा), वो एक हीरो है (शायद), और वो है हैप्पी पटेल! मिलिए हमारे खतरनाक जासूस से, 16 जनवरी से सिनेमाघरों में.

## राहु केतु का दूसरा गाना यारी यही है हुआ जारी, अरमान मलिक ने दी आवाज



पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की फिल्म राहु केतु 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस कॉमेडी फिल्म के जरिए फुकरे वाले सनी-चूचा वापस आ रहे हैं, जिन्हें देखने के लिए लोग भी बेताब हैं। निर्माताओं की ओर से आगामी फिल्म का दूसरा गाना यारी यही है जारी कर दिया गया है। इसे अरमान मलिक ने आवाज दी है, और संगीत अभिजीत वघानी ने दिया है। इससे पहले पार्टी एंथम गाना मदिरा जारी हुआ था। जी स्टूडियो के यूट्यूब चैनल पर रिलीज यारी यही है गाने को शुरुआत से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

यह गाना दोस्ती की एक नई मिसाल पेश करता है, जिसमें पुलकित और वरुण का भाईचारा लोगों के दिल को छू जाएगा। राहु केतु की कहानी 2 दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है जिन्हें गांव वाले मनहूस समझते हैं। वह जहां और जिसके भी घर जाते हैं, उनका बुरा वक्त शुरू हो जाता है। फिल्म महाराजा वाली शालिनी पांडे भी इसमें हैं।

फिल्म 'राहु केतु' की कहानी दो ऐसे दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें गांव वाले मनहूस मानते हैं। माना जाता है कि वे जहां भी जाते हैं या जिस घर में कदम रखते हैं, वहां परेशानियां शुरू हो जाती हैं। इसी दिलचस्प और मजेदार कॉन्सेप्ट के साथ फिल्म दर्शकों को हंसी का पूरा डोज देने वाली है। इस फिल्म में शालिनी पांडे भी अहम भूमिका में नजर आएंगी, जिन्हें हाल ही में फिल्म 'महाराजा' में देखा गया था।

## शब्द सामर्थ्य - 266


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 265 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

## सू- दोकू क्र.266

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.265 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# चरचा माइंस में कोयला परिवहन बना मौत का खेल

### कॉलरी प्रबंधन की चुप्पी, आरटीओ की आंखों पर पट्टी

### डाले से ढाई फीट ऊपर तक कोयला, हर ट्रिप में हादसे का खतराव

**कोरिया चरचा कालरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा कालरी माइंस में जब से रोड सेल के माध्यम से बड़े-बड़े डंपर-टिपर और ट्रेलरों द्वारा कोयला परिवहन शुरू हुआ है, तब से आर टी ओ विभाग के दिशा-निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। चरचा कालरी के सी एच पी स्थित बैरियर से प्रतिदिन 40 से 50 ट्रक आवश्यकता से अधिक कोयला लोड कर बिना किसी रोक-टोक के रवाना हो रहे हैं। यह सब स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों की आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

सोमवार को सामने आया मामला इस लापरवाही की गंभीरता को उजागर करता है। ट्रेलर क्रमांक CG 04/JB 2076 में ट्रेलर के डाले से लगभग 2.5 फीट ऊंचाई तक कोयला भरा गया, जबकि नियमानुसार डाले की ऊंचाई से ऊपर लोडिंग पूर्णतः प्रतिबंधित है। अत्यधिक ऊंचाई तक कोयला भरे होने से परिवहन के दौरान कोयला गिरने, सड़क पर फिसलन बनने और घातक दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है।

ड्राइवर के अनुसार वाहन में ओरिजिनल डाले को हटाकर दूसरा 26 फीट लंबाई का डाला लगा था, जो क्षमता से छोटा होने के कारण अधिक ऊंचाई तक कोयला भरना पड़ा। ड्राइवर ने यह भी स्वीकार किया कि हम लोग हमेशा ऐसे ही ले जाते हैं, ऊपर से तिरपाल बांध देते हैं, इसलिए कोयला नहीं गिरता।' लेकिन आर टी ओ से डाले से ऊपर लोडिंग की अनुमति के सवाल पर वह कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दे सका। यह बयान साफ संकेत देता है कि ट्रांसपोर्टर, ट्रक मालिक और जिम्मेदार अधिकारी—तीनों की मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। उक्त वाहन में चरचा कालरी के कोल बैरियर में स्थित कंटाघर में कुल वजन 51.45 टन उल्लेखित किया गया है। दस्तावेजों के अनुसार यह कोयला ए पी आई इस्पात पावर, रायपुर के लिए ले जाया जा रहा था। डाले की निर्धारित क्षमता से अधिक कोयला भरा होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है, जिसमें निर्दोष नागरिकों की जान जाने का खतरा है। अफसोस की बात यह है कि मुनाफे की अंधी दौड़ में मानव जीवन की कीमत शून्य कर दी गई है।यह भी सामने आया है कि रेलवे ग्राउंड में प्रतिदिन वाहनों को लोड कर खड़ा किया जाता है और वहीं त्रिपाल-रस्सियों से बांधकर रवाना किया जाता है। यदि परिवहन विभाग कोरिया का अमला मौके पर आकर नियमित जांच करे, तो ओवरलोडिंग





की अनगिनत मिसालें तुरंत सामने आ जाएंगी। सवाल यह है कि आर टी ओ कोरिया की आंखें इस ओर क्यों नहीं पहुंच रहीं? या फिर यह विभाग जानबूझकर आंख मूंदे बैठा है चरचा कालरी के कोल बैरियर से जो कुछ चल रहा है वह सिर्फ अनियमितता नहीं बल्कि सीधे-सीधे कानून का उल्लंघन और दंडनीय अपराध है यहां भारी वाहनों, डंपर व टिप्पर में निर्धारित डाला क्षमता से कहीं अधिक कोयला भरा जा रहा है और यह सब उस स्थान से हो रहा है जो स्वयं नियंत्रण और निगरानी के लिए बनाया गया है मोटर व्हीकल अधिनियम 1988 की धारा 113 स्पष्ट रूप से कहती है कि कोई भी वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक भार वहन नहीं कर सकता इसके उल्लंघन पर धारा 191 के तहत भारी जुर्माना और वाहन जप्ती का प्रावधान है इसके बावजूद कॉलोनी के बैरियर से रोजाना ओवरलोड बाहर निकलना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि या तो जानबूझकर नियमों को ताक पर रखा गया है या फिर जिम्मेदारों की मूक सहमति सिर्फ चंद रुपयों के कमीशन के लिए है भारतीय दंड संहिता की धारा 268 के अंतर्गत यह कृत्य लोक उपद्रव की श्रेणी में आता है क्योंकि क्षमता से अधिक लोड वाहन सड़कों को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं और आम नागरिकों की जान जोखिम में डाल रहे हैं वहीं यदि किसी दुर्घटना के आशंका बनी रहती है तो यह धारा 336 जान को खतरे में डालने वाला कृत्य के तहत भी दंडनीय है यदि भविष्य में कोई गंभीर दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी केवल वाहन चालकों की नहीं होगी बल्कि चरचा कालरी के सी एच पी बैरियर पर तैनात संबंधित अधिकारियों और पर्यवेक्षण करने वाले विभागीय अफसर पर भी समान रूप से तय होगी यह जरूरी है कि उच्च प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करें कि सी.एच. पी स्थित बैरियर व कंटाघर में लगे वीडियो कैमरा की जांच से पूरी सच्चाई स्पष्ट आ जाएगी हर ट्रक के डाले में उसकी ऊंचाई से अधिक ऊंचाई तक रखा कोयला स्पष्ट नजर आएगा।

यह मामला केवल नियम उल्लंघन नहीं, बल्कि जनसुरक्षा से खिलवाड़ है। अतः जिला प्रशासन से मांग की जाती है कि कॉलरी के जिम्मेदार अधिकारी और संबंधित ट्रांसपोर्टरों पर ओवरलोडिंग के लिए तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाएआर टी ओ द्वारा संयुक्त विशेष जांच अभियान चलाकर कोल बैरियर व रेलवे ग्राउंड पर 24म7 निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। डाले से ऊपर लोडिंग, क्षमता से अधिक भार और बिना वैध अनुमति परिवहन पर स्न्ढ्ढक्र/चालान की कार्रवाई हो। दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय कर निलंबन/अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।जनहित में यह कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। यदि अभी सख्ती नहीं बरती गई, तो किसी बड़ी दुर्घटना की जिम्मेदारी से कोई नहीं बच पाएगा। जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान और कड़ी कार्रवाई की पुरज़ोर मांग की जाती है।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं कलेक्टर ने किया जिला जेल बैकुण्ठपुर का निरीक्षण

**कोरिया बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार उच्चतम न्यायालय के रीट-पीटिशन सुकन्या संस्था विरुद्ध यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में पारित निर्णय के परिपालन में 22 दिसंबर 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शैलेश कुमार तिवारी, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर, सचिव डी0एल0एस0ए0 श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, विजिटर बोर्ड के अन्य सदस्यों के द्वारा जिला जेल बैकुण्ठपुर का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर के द्वारा बंदियों के जेल में निरूद्ध रहने के दौरान मिलने वाली अधिकारों एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गयी। यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी कैदियों को समय पर विधिक सेवाएं उपलब्ध कराये जायें उनके साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव न हो, निरीक्षण बोर्ड के द्वारा सभी बंदियों से चर्चा की गयी। निरीक्षण के दौरान जिला जेल बैकुण्ठपुर में जाति गत भेदभाव या अन्य भेदभाव नहीं पाया गया, साथ ही इम्फाइस्ट्रेक्चर, बंदियों के बैरक, बंदियों के उपयोग हेतु जेल में बने शौचालय की स्थिति, उसकी साफ सफाई की समीक्षा की गयी। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं कलेक्टर ने बंदियों को दी जा रही भोजन की गुणवत्ता का जांच किया। बंदियों से मिलकर उनके समस्याओं को सुना, साथ ही जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में उपलब्ध सुविधा एवं लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। माननीय उच्चतम न्यायालय के रिट पीटिशन (सी) क्र0-1404/2023 सुकन्या संस्था विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया में व अन्य में पारित निर्णय 03 अक्टूबर 2024 में दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व डिस्ट्रिक्ट विजिटर्स बोर्ड कोरिया के द्वारा प्रत्येक तिमाही में जिला जेल बैकुण्ठपुर जिला कोरिया का निरीक्षण किया जाता है। जिसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि बंदियों के साथ जेल में किसी प्रकार का जातिगत भेदभाव या अन्य किसी प्रकार का भेदभाव नहीं हो।

## एक ही परिवार के 6 सदस्य अस्पताल में भर्ती

**बलरामपुर।** जिले के त्रिकुंडा गांव में रविवार को भोजन करने के बाद एक ही परिवार के छह लोग अचानक बीमार पड़ गए। सभी को उल्टी और चक्कर आने की शिकायत के बाद शाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया। बीमारों में 15 वर्षीय एक किशोर भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, बसमतीया, देव कुमार, सुनीता, रामबकस, मिस्त्री और आकाश ने रविवार दोपहर को कोदो चावल के साथ भोजन किया था। भोजन करने के कुछ घंटों बाद ही सभी को उल्टियां होने लगीं और तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने तत्काल सभी को सिविल अस्पताल वाड्रफनगर पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों की प्राथमिक जांच में मामला फूड पॉइजनिंग का बताया जा रहा है।

### इसरो और मनरेगा के तकनीकी प्रयोग के साथ विकसित पोर्टल पर बन रहा प्लान

## युक्तधारा पोर्टल का प्रयोग कर गांवों में बन रहा है समेकित विकास का संपूर्ण प्लान



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के सभी ग्राम पंचायतों में तकनीक का बेहतर उपयोग कर अत्याधुनिक तरीके से गांवों के विकास का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। इसके लिए युक्तधारा पोर्टल पर गांव के मैपिंग के साथ उस गांव में आम नागरिकों की मांगों के अनुसार कार्यों का चिंन्हाकन किया जा रहा है। ग्रामीण विकास को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और दूरगामी परिणाममूलक बनाए जाने के लिए यह अभिनव प्रयोग किया जा रहा है। राज्य के निर्देशों के अनुक्रम में इस बार महात्मा गांधी नरेगा के आगामी कार्ययोजना के लिए उसमें तकनीकी का प्रयोग कर नई दिशा तय की जा रही है। यह बेहद प्रभावी और पारदर्शिता के लिए कारगर पहल होगी।

मनरेगा के तहत आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिस युक्तधारा पोर्टल का प्रयोग किया जा रहा है वह मनरेगा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र इसरो के राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से विकसित भुवन पोर्टल पर आधारित है। इसमें जीआईएस टूल्स के प्रयोग से प्रत्येक गांव की मैपिंग की जा रही है और उसकी भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक संसाधन और जल संरचनाओं की स्थिति के अनुसार गांव की आवश्यकता और उपयोग को ध्यान रखकर आगामी समय में कराए जाने वाले कार्यों को चिन्हित किया जा रहा है। युक्तधारा पोर्टल पर ग्राम पंचायतों की वस्तुस्थिति और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्लान पर जिले की कलेक्टर और मनरेगा की जिला समन्वयक श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि आधुनिक तकनीकी के बेहतर प्रयोग से बनने वाले इस प्लान में प्रत्येक ग्रामीण की सहभागिता और जरूरतों के हिसाब से गांव के विकास का प्लान तैयार हो रहा है। इस तरह से बनाया गया गांव के विकास का प्लान निश्चित तौर पर आने वाले समय में ग्रामीण विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि युक्तधारा पोर्टल पर गांव के विकास की कार्ययोजना में तेजी से कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों की मैपिंग के साथ ही उस गांव में सभी की सहभागिता से कार्यों का दस्तावेजीकरण करते हुए उन्हे आनलाइन पोर्टल पर भी चिन्हित करने का काम तेजी से जारी है। जल्द ही यह कार्य पूर्ण कर राज्य को प्रेषित किया जाएगा। मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत हर गांव में ज्यादा से ज्यादा आजीविका डबरी को भी युक्तधारा पोर्टल प्लान में शामिल किया जा रहा है। जिले के अधिकांश ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर की गिरावट के कारण इस बार प्लान तैयार करते समय राज्य के निर्देशों के अनुसार ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षण संरचनाओं को लिया जा रहा है। इनमें डबरी, तालाब, जलसंरक्षण संरचनाएं जैसे सोक पिट, कंटूर आदि को शामिल किया जा रहा है।

## जनकपुर नगर पंचायत क्षेत्र से जंगली भालू का सफल रेस्क्यू, सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया

**चिरमिरी।** मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के अंतर्गत नगर पंचायत जनकपुर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जंगली भालू की मौजूदगी से आम नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ था। भालू के रिहायशी क्षेत्र के समीप विचरण करने से जन-धन की संभावित क्षति की आशंका को देखते हुए वन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया था। वनमण्डलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ के आदेश के परिपालन में तथा उपवनमण्डलाधिकारी जनकपुर के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी कुवांरपुर के कुशल नेतृत्व में विशेष रेस्क्यू टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा क्षेत्र में सतत निगरानी रखते हुए भालू की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। 22 दिसंबर 2025 को वन विभाग की टीम ने पूरी सावधानी एवं कुशलता के साथ जंगली भालू को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया। रेस्क्यू अभियान के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया गया, जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा पशु को नुकसान न पहुंचे। पशु चिकित्सकों की निगरानी में भालू के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें वह पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ पाया गया। इसके पश्चात वन विभाग की टीम द्वारा भालू को उसके प्राकृतिक आवास में वापस पहुंचाने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। रेस्क्यू किए गए भालू को गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के घने जंगल में सुरक्षित एवं शांत वातावरण में कुशलतापूर्वक छोड़ दिया गया, ताकि वह अपने प्राकृतिक जीवन चक्र के अनुसार स्वतंत्र रूप से विचरण कर सके। पूरी कार्रवाई का पंचनामा तैयार किया गया तथा रेस्क्यू एवं जंगल में छोड़े जाने की प्रक्रिया का वीडियो भी रिकॉर्ड किया गया। वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वन्य जीवों के दिखाई देने की स्थिति में घबराएं नहीं और तत्काल वन विभाग को सूचना दें, जिससे समय रहते उचित कार्रवाई कर मानव एवं वन्य जीवों के बीच सामंजस्य बनाए रखा जा सके।



## प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से हर गरीब का सपना हो रहा है पूरा- रेणुका




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के वनांचल जनपद पंचायत सोनहत के ग्राम घुघरा में 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन की योजनाओं को आम नागरिकों तक सीधे पहुंचाने के उद्देश्य के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक सोनहत-भरतपुर क्षेत्र श्रीमती रेणुका सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को अभिनंदन पत्र एवं आवास की चाभी प्रदाय करते हुए हितग्राहियों का उत्साहवर्धन किया गया। मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत इस कार्यक्रम में , 'जल संरक्षण' को बढ़ावा देते हुए आवा पानी झोंकी अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जनसहभागिता से लगवाया जा रहा है। गत दिवस कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्राम घुघरा के आवास हितग्राही रमेश के निर्मित आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निर्माण में भाग लेते हुए हितग्राहियों को आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने हेतु प्रेरित किया। उपस्थित आम नागरिकों और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच का परिणाम है कि वंचित वर्ग अब अपने सपनों को साकार कर पा रहा है। प्रत्येक परिवार अब अपने सुरक्षित आवास रूपी आशियाने में सुख से रहने का लाभ ले पा रहा है। उन्होने कहा कि प्रत्येक हितग्राही जल्द अपने पक्के मकान के सपने को साकार करें और विकसित होते छत्तीसगढ़ में सहभागी हों। सम्मानित होने वाले हितग्राहियों में ग्राम पंचायत घुघरा के मोतीलाल, श्रीमती सरस्वती और टेकलाल सहित अन्य हितग्राही शामिल रहे।

### पशु तस्करी मामले में बड़ी कार्रवाई

### तस्करी में प्रयुक्त वाहन होगी राजसात

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम के तहत पशु तस्करी प्रकरण में जब्त किए गए एक वाहन को शासन के पक्ष में राजसात करने का आदेश कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सूरजपुर श्री एस जयवर्धन ने जारी किया है। इस मामले में राजसात की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कलेक्टर सूरजपुर को भेजा था। राजसात किए गए वाहन में 30.01.2024 को रात्रि में वाहन चालक मालिक अरबाज अली पिता असगर अली उम्र 20 वर्ष ग्राम गुमला, हुसैननगर थाना व जिला गुमला झारखण्ड के द्वारा कृषि योग्य पशुओं को क्रूरतापूर्वक महेन्द्रा बोलेरो पिकअप वाहन में ठूस-ठूसकर भरकर रस्सी से बांधकर दिगर राज्य झारखण्ड ले जाते समय वाहन चालक द्वारा पिकअप को गड्ढा में धकेल दिया जिससे 3 मवेशी की मृत्यु हो गई शेष 7 मवेशी रात में ही जंगल की ओर चले गए, मृत मवेशियों का पीएम कराया गया। इस मामले थाना प्रेमनगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अपराध क्र. 21/24 धारा 429 भादवि, छ.ग. कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(घ) के तहत मामला पंजीबद्ध कर बिना नंबर महेन्द्र बोलेरो पिकअप वाहन को जप्त कर वाहन मालिक चालक अरबाज अली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## आत्मानंद खरवत मैदान में सुशासन सप्ताह के विशेष शिविर का आयोजन



**कोरिया।** भारत सरकार के सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर अभियान के अंतर्गत जिले में 22 दिसंबर 2025 को बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के ग्राम खरवत के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय के मैदान में आज सुशासन सप्ताह के चौथे चरण की विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मोहित पैकरा विशेष रूप से उपस्थित हुए। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने अभियान की जानकारी देते हुए कहा, शिविर में आए सभी लोग जागरूक हों, शासन की योजनाओं का लाभ लें और अन्य तक जानकारी पहुंचाएं। शासन जन समस्याओं के समाधान के लिए ही योजनाएं बनाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा, सरकार की मंशानुसार यह शिविर आयोजित किया गया है। सभी इसका अधिक-से-अधिक लाभ उठाएं। स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई एवं 2 टीबी मरीजों को पोषण बैग वितरित किए। आयुष विभाग ने निःशुल्क आयुष काढ़ा व दवाइयां बांटीं। कृषि विभाग ने 12 किसानों को मसूर के बीज, 1 वनाधिकार पट्टा प्रदान की गई। अनुविभाग बैकुण्ठपुर द्वारा 4 आय, 1 निवास, 3 जाति, 2 सीमांकन प्रमाण पत्र वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना अंतर्गत 2 महिलाओं को चेक तथा मछली विभाग ने 1 हितग्राही को मछली महाजाल और मछली बिज प्रदान किया गया। सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं जिला सीईओ के द्वारा किया गया एवं विभागों के स्टालों में लगाए गए योजनाओं की जानकरी भी ली। इस शिविर मे जिलापंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, अनुविभागीय अधिकारी बैकुण्ठपुर, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का सशक्त संदेश

**कोरिया/बैकुंठपुर।** कोरिया जिले की ग्राम पंचायत सलका में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य, अनुशासित एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मण्डल अंतर्गत 11 गाँवों के हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और सामाजिक एकता, भाईचारे तथा सांस्कृतिक चेतना का सशक्त परिचय दिया। पूरे क्षेत्र में यह आयोजन चर्चा का विषय बना रहा और समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला सिद्ध हुआ।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता रामजी राजवाड़े (प्रांत संगठन मंत्री - सक्षम भारत) रहे। उन्होंने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी उद्बोधन में सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और पंच परिवर्तन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कुटुम्ब प्रबोधन को समाज की आधारशिला बताते हुए कहा कि सशक्त परिवार से ही सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए जन-जन से इन विषयों पर जागरूक होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सलका की सरपंच श्रीमती दुर्गा सिंह, उपसरपंच वंशधारी चेरवा, जनपद सदस्य एवं



सहकारी समिति अध्यक्ष सलबा श्रीमती धर्मवती राजवाड़े सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभिन्न समाजों के प्रमुखों में पनिका समाज से संतलाल चिकनजूरी, विश्वकर्मा समाज से अशोक विश्वकर्मा, राजवाड़े समाज से समयलाल राजवाड़े, गडेरी समाज से हरिपाल गडेरी सहित अन्य समाज प्रमुखों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इनके अतिरिक्त श्रवण दुबे, अन्नु बसोर, रामनरेश सारथी, श्रीमती गुलामनी कुर्रे, संतोष सिंह, महेंद्र सिंह सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन की जिम्मेदारी हनुमान सेवा समिति ने निभाई। समिति के अध्यक्ष रोशन विश्वकर्मा, सचिव अश्विनी सिंह, पंकज दुबे, राजा दुबे, शिवकुमार सिंह राजपूत, संतलाल राजवाड़े, नंदकुमार, रविंद्र सिंह, हरि प्रसाद, जगदीश सिंह, नोखेलाल सिंह, नैनसाय एवं अजय कुर्रे सहित समिति के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का कुशल संचालन समिति के संयोजक अशोक विश्वकर्मा द्वारा किया गया। सम्मेलन में मण्डल अंतर्गत 20 से अधिक विभिन्न समाजों के गणमान्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने सामाजिक समरसता का सशक्त स्वरूप प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। सत्संग मानस मण्डली खुटरापारा, मानस परिवार मेको सलबा, बजरंग मानस मण्डली मण्डलपारा, शंकरसुवन मानस परिवार सारा तथा जागृति महिला मण्डली आमापारा द्वारा प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं करमदेव करमा दल जलियाडाड, जय जगदंबा करमा दल सारा तथा जय जगदंबा हुआ दल ढोढहीबहरा की टीम ने पारंपरिक करमा एवं हुआ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। लगभग 40 सदस्यीय सांस्कृतिक टीम द्वारा प्रस्तुत सरगुजा अंचल के करमा एवं सुआ नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस विशाल हिन्दू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारा, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा। अपने उद्देश्यों में यह आयोजन पूर्णतः सफल सिद्ध हुआ और क्षेत्र में सामाजिक चेतना का नया संचार कर गया।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी प्रबंधकारणी समिति की बैठक संपन्न

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की बैठक संपन्न हुई। जिला कोरिया के प्रबंधकारणी समिति की बैठक में उपाध्यक्ष जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, सचिव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सिंह, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कोरिया छत्तीसगढ़ प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष महेंद्र वेद्ध, वाइस चेयरमैन श्रीमती गीता राजवाड़े, राज्य प्रतिनिधि कमलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता एवं सदस्य गण हिमांशु अवस्थी, आशीष बड़ेरिया, गौरव कांत बडेरिया, बसंत राय, सुधीर अग्रवाल शामिल रहे बैठक में अभी तक किए गए कार्यों का आकलन एवं चर्चा की गई। आने वाले समय पर कार्य योजना बनाकर कार्य करने हेतु चर्चा की गई।

### प्रदेश प्रभारी रत्नाकर आएंगे कोरबा

**कोरबा।** बसपा के प्रदेश प्रभारी दाऊराम रत्नाकर का 26 दिसंबर को कोरबा आगमन हो रहा है। वे जिला स्तरीय बैठक में शामिल होंगे। इसके अलावा बैठक में प्रदेश महासचिव राधेश्याम सूर्यवंशी व प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन भी मौजूद रहेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए बाबूलाल टंडन ने बताया कि जिला स्तरीय बैठक की तैयारी जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी के द्वारा की जा रही है। विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देंगे। कोरबा विधानसभा के अध्यक्ष गज्जू चौहान ने सेक्टर समिति गठित कर ली है और यहां पर लगातार उनके द्वारा दौरा किया जा रहा है। इसी तरह कटघोरा विधानसभा के अध्यक्ष राघवेंद्र मनहर के द्वारा भी अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी देंगे।

### मनोरंजन क्लब के सदस्यों को मिलेगा गिफ्ट

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर मनोरंजन क्लब के सदस्यों को गिफ्ट दिए जाने की तैयारी की जा रही है। मनोरंजन क्लब समिति के मिनीलाल साहू, भूषण नारंगे, रामलाल साहू का कहना है कि प्रत्येक वर्ष इस क्लब के सदस्यों को गिफ्ट दिया जाता रहा है।

## कार में आए 3 बदमाशों ने की कुल्हाड़ी व चाकू से किया हमला

# केसलपुर में सड़क का काम देखने गए ठेकेदार की जघन्य हत्या

**कोरबा।** जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र के जटगा चौकी अंतर्गत केसलपुर में जनपद सदस्य व ठेकेदार अक्षय गर्ग की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। सड़क निरीक्षण के दौरान गर्ग पर 3 बदमाशों ने कुल्हाड़ी-चाकू से हमला किया। कुछ ही देर में वह प्राणहीन हो गया। माना जा रहा है कि पुरानी खुन्नस या व्यावसायिक प्रतिद्वंदिता के कारण घटना हुई है। कटघोरा पुलिस मामले में जांच कार्रवाई कर रही है।

खबर के अनुसार केशलपुर में पीएनजी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करने आज सुबह 10 बजे पहुंचे अक्षय गर्ग पर ब्लैक कलर की कार से आए तीन अज्ञात बदमाशों ने अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने कुल्हाड़ी और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर पूरी तैयारी के साथ आए थे। हमला इतना अचानक और निर्मम था कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बदमाश वारदात को अंजाम देकर कार में सवार होकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल अक्षय गर्ग को डायल 112 की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।





*घटना में लहूलुहान हालत में अस्पताल ले जाते लोग, इनसेट में मृतक अक्षय गर्ग।*

घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस प्रभारी डीएन तिवारी टीम के साथ मौके पर पहुचे। पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर एफएसएल टीम को बुलाया और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। घटनास्थल से खून से सने निशान, हथियारों के अवशेष और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश, ठेकेदारी विवाद या राजनीतिक दुश्मनी जैसे सभी पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

अक्षय गर्ग की हत्या की खबर फैलते ही राजनीतिक और ठेकेदारी जगत में शोक व आक्रोश की लहर दौड़ गई। समर्थकों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही हमलावरों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में इस सनसनीखेज वारदात के बाद कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है, वहीं पुलिस पर जल्द खुलासे का दबाव भी तेज हो गया है।

### पीजी कॉलेज में संगोष्ठी में बोले अजय दुबे

# स्वदेशी का मार्ग देश को संपूर्ण रूप से विकसित बनाने में निभाएगा अपनी भूमिका

**कोरबा।** आत्म निर्भर भारत एवं स्वदेशी संकल्प अभियान के तहत आज शासकीय ई वी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला कोरबा के जिला मंत्री अजय कुमार दुबे एवं भाजपा जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा शामिल हुए।

कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य वक्ता अजय कुमार दुबे एवं संस्था की प्राचार्य श्रीमती शिखा शर्मा के द्वारा मां सरस्वती जी एवं भारत माता की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना किया गया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का गायन कराया गया।



इस अवसर पर मुख्य वक्ता अजय कुमार दुबे ने आत्म निर्भर भारत एवं स्वदेशी पर अपने विचार रखते हुए कहा कि भारत प्राचीन काल में सोने की चिड़िया कहलाता था। किंतु विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं ने भारत को लूटना प्रारंभ किया।बाद में अंग्रेजों ने इस क्रम को जारी रखा।आज हमारा देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। युवा हमारे देश के भविष्य हैं। अतः आप सभी को स्वदेशी के मार्ग में चल कर देश को विकसित बनाना है। आत्म निर्भर भारत एवं स्वदेशी पर विषय रखने के पश्चात अजय कुमार दुबे ने सभी को स्वदेशी का संकल्प दिलवाया एवं स्वदेशी पत्रक भरवाया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के विषय से सभी को अवगत कराते हुये भारत माता का चित्रण प्रदान किया।

### कोयला कामगारों को हो रही परेशानी

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व के कई ऐसे आवास हैं जो खाली नहीं हैं। रिटायर्ड कर्मी का कब्जा बना हुआ है। इसके अलावा गैर एसईसीएल कर्मचारियों ने भी आवासों में कब्जा कर रखा है। दूरदराज क्षेत्रों से ड्यूटी आने वाले कामगारों को आवास नहीं मिलने से वे काफी परेशान हैं। इस मामले को केएसएस ने आईआर बैठक में जोर-शोर से उठाया। एरिया के महामंत्री अनूप सरकार, अनिल सिंह, प्रवीण रजक सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि कोयला कामगारों को आवास दिया जाए। अनेकों ऐसे कामगार हैं जो बांकीमोंगरा, बलगी, रजगामार क्षेत्र से आकर ड्यूटी करते हैं। उन्हें आने-जाने में परेशानी होती है। दूरदराज क्षेत्रों से आने के कारण दुर्घटना होने की आशंका भी बनी रहती है। इस मामले को अन्य संगठन भी लगातार उठा रहे हैं। प्रबंधन के द्वारा लगातार आश्वासन मिलता रहा है। लेकिन अभी भी कई ऐसे कामगार हैं जिनकों आवास नहीं मिल पाया है। इसी तरह कालोनी की सड़कों की दशा को लेकर केएसएस काफी गंभीर है। उन्होंने भी इस मामले को उठाते हुए कहा कि कालोनी की सड़कों को बनाया जाए ताकि कोयला कामगारों को ड्यूटी आने-जाने में कोई परेशानी न हो। मानिकपुर से जीएम ऑफिस तक सड़क बनाने का काम शुरु हो चुका है।

## एसआईआर की ड्राफ्ट सूची देखने परेशान रहे लोग

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में एसआईआर की प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी कर ली गई। 23 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची (ड्राफ्ट सूची) जारी करने की बात कही गई थी। ऑनलाईन माध्यम और संबंधित बूथ में इसे डिस्पेल करना था। अपना नाम सूची में देखने के लिए आज लोग परेशान नजर आये।

कारण ये रहा कि दोपहर 12 बजे की स्थिति में अधिकांश बूथ में ना तो ड्राफ्ट सूची लगाई गई और ना ही बीएलओ एप ओपन हो सका। कहीं इसके पीछे तकनीकी कारण बताए गए तो यह भी कहा गया कि सर्वर ठीकठाक काम कर रहा है। ऐसे में निर्वाचन आयोग की साईड से कुछ समस्या हो सकती है। 11 दिसंबर तक एसआईआर के फॉम को जमा करने की व्यवस्था की गई थी। बाद में इसे 7 दिन और बढ़ाया गया। आयोग की ओर से कहा गया कि 23 दिसंबर से प्रारंभिक सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसलिए हर कहीं लोगों में इस बात की उत्सुकता रही कि उनका नाम मतदाता सूची में है या नहीं। बूथ में चक्कर लगाने के बाद जानकारी नहीं मिली तो लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। जानकारी मिली की प्रारंभिक सूची के बाद पर्याप्त समय नाम जोड़ने से लेकर त्रुटियों को ठीक करने के मामले में लोग दावा आपत्ति कर सकेंगे। इसके बाद भी उन्हें अपील करने का अवसर मिलेगा।

## प्लास्टिक इंजीनियरिंग के बारे में जानकारी मिली छात्रों को

**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, व्यावहारिक ज्ञान तथा बौद्धिक क्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शैक्षणिक भ्रमण, पिकनिक एवं गणित मेले का सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक जीवन से जुड़ी जानकारियां प्राप्त करने का अवसर मिला।

विद्यालय के माध्यमिक, उच्च एवं उच्चतर विभाग के कक्षा षष्ठम से एकादश तक के भैया-बहनों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु सिपेट (सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) ले जाया गया। इस भ्रमण के दौरान रजनीश पांडे के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को पेट्रोकेमिकल, पॉलिमर एवं प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि सिपेट की स्थापना वर्ष 1968 में भारत सरकार द्वारा की गई थी तथा यह रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत संचालित एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यह संस्थान प्लास्टिक उद्योग के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान, कौशल विकास एवं अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न आधुनिक मशीनों को देखा और यह जाना कि किस प्रकार प्लास्टिक को विभिन्न आकार देकर दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाई जाती हैं। साथ ही उन्हें यह जानकारी भी दी गई कि प्लास्टिक पूर्णतः नष्ट नहीं होता, बल्कि उसे पुनर्चक्रण के माध्यम से दोबारा उपयोग में लाया जा सकता है। सिपेट में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग की प्रक्रिया को देखकर विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी विकसित हुई। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के प्राचार्य, समस्त आचार्यगण एवं सहयोगीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में विद्यालय के प्राथमिक विभाग के कक्षा प्रथम से पंचम तक के विद्यार्थियों को मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक पिकनिक हेतु अप्पू गार्डन, कोरबा ले जाया गया। इस भ्रमण में सरस्वती शिक्षा संस्थान से कीर्ति कुमार अग्रवाल, प्राथमिक विभाग के सभी कक्षाचार्य एवं सहयोगी श्री कृष्णा वैष्णव सम्मिलित हुए। बच्चों ने विभिन्न खेलों, झूलों एवं गतिविधियों का आनंद लेते हुए आपसी सहयोग, अनुशासन एवं सामाजिक व्यवहार का अनुभव प्राप्त किया। पिकनिक के दौरान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता स्पष्ट दिखाई दी।

## करतला रेंज में दंतैल की हो रही कड़ी निगरानी

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में पहुंचे दंतैल हाथी की वन विभाग द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। दंतैल हाथी बीती रात बड़मार क्षेत्र से आगे बढ़कर पीड़िया पहुंच गया। चूंकि क्षेत्र में रामपुर में मेला हो रहा था सो लोगों की जान को दंतैल से खतरा हो सकता था, जिसे देखते हुए वन विभाग ने विशेष सावधानी बरती और दंतैल की कड़ी निगरानी करने के साथ रात भर उसकी गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों को देने का सिलसिला जारी रहा। वर्तमान में दंतैल यहां के जंगल में विचरण कर रहा है। वन विभाग लोगों को मुनादी कराकर सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया है। उनसे कहा जा रहा है कि वे दंतैल की मौजूदगी वाले जंगल की ओर न जाएं।

उधर वनमंडल कटघोरा के चंदनपुर खुटरीगढ़ इलाके में देर रात हाथी आने की खबर मिली थी,खबर मिलते ही वन विभाग के आलाधिकारियों को सूचना दी गई, विभाग के कर्मचारियों ने मौके का मुआयना कर हाथी नही होने की पुष्टि की है। बता दे कि देर रात ग्रामीणों के द्वारा जानकारी दी गई कि चंदनपुर के पास खुटरीगढ़ के पीछे जंगल मे दो हाथी देखे गए हैं, हाथी आने की खबर तत्काल वन



विभाग के डीएफओ कुमार निशांत को दी गई,जहां डीएफओ ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल टीम रवाना की,जहां वन विभाग टीम ने मौके का जायजा लिया ,इस दौरान विभागीय टीम ने पुष्टि की है कि इलाके में हाथियों की मौजूदगी नही है। विभागीय टीम के कर्मचारियों ने बताया कि हाथियों की मौजूदगी फिलहाल जड़गा रेंज में है,जहां 41 हाथी मौजूद हैं जिन पर विभाग नजर बनाए हुए हैं।टीम ने बताया कि चंदनपुर खुटरीगढ़ में हाथियों के आने की खबर झूठी है फिलहाल वन विभाग की टीम द्वारा मुनादी कराकर ग्रामीणों को सुरक्षित रहने की अपील की है।

## तुलसी पूजन दिवस गुरुवार को मनाएगी योग वेदांत समिति

**कोरबा।** योग वेदान्त सेवा समिति कोरबा के तत्वाधान में 25 दिसंबर -गुरूवार को तुलसी पूजन दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर अपरान्ह 3 बजे तक चलेगा। प्रातः 11:30 बजे टी.पी. नगर प्रेस कॉम्पलेक्स के पास से संकीर्तन यात्रा पावर हाउस रोड होते हुए मेन रोड से सप्तदेव मंदिर, सीतामणी तक निकलेगी। सप्तदेव मंदिर में तुलसी पूजन कैसे मनाएं, तुलसी के सेवन से लाभ, तुलसी महात्म की जानकारी देते हुए हवन, भजन एवं कीर्तन किया जावेगा। तत्पश्चात् आरती, पूर्णाहूति एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद साहू ने सभी लोगों से अनुरोध किया है कि तुलसी पूजन दिवस समारोह में अपनी भागीदारी करे। इस अवसर पर तुलसी पौधे का निःशुल्क वितरण किया जावेगा। आश्रम के सत्साहित्य व सामग्री के स्टाल भी लगाए जाएंगे। आयोजन समिति ने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराने को कहा है।

### केंद्रों का अवलोकन करेंगे समिति के सदस्य

**कोरबा।** कांग्रेस कमेटी के जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगरानी समिति के द्वारा धान खरीदी केंद्रों का अवलोकन किया जा रहा है। किसानों की समस्याओं को देखते हुए निगरानी समिति के सदस्य धान खरीदी केंद्रों में पहुंच रहे हैं। लगातार समस्या सामने आने पर निगरानी समिति के सदस्यों से कहा गया है कि किसानों से मुलाकात कर समस्याओं को दूर किया जाए। कटघोरा ग्रामीण में गोरेलाल यादव, बांकीमोंगरा क्षेत्र में यशपाल कंवर सहित अन्य क्षेत्रों के कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं।

### आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए होगा भूमिपूजन

**कोरबा।** ग्राम खोड्डल में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की मांग यहां के सरपंच व जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत के द्वारा की जा रही थी। निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद आज भूमिपूजन का कार्य किया जाएगा। इस दौरान कमलेश अनंत, डेविड केसरिया, अविनाश कंवर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इनका कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र के भवन नहीं होने से क्षेत्र के बच्चों को परेशानी हो रही थी। अधिकांश गांव में किराए के भवनों में आंगनबाड़ी केंद्र लगाया जाता है। सुष्मिता अनंत ने मामले को जोर-शोर से उठाया था।

## जश्न रिसॉर्ट में होगा मंगलपाठ एवं भजनोत्सव



**कोरबा।** नमो नारायणी समिति कोरबा के तत्वावधान में 27 एवं 28 दिसंबर को 39 वां अंतरराष्ट्रीय मंगलपाठ और भजनोत्सव का आयोजन जश्न रिसोर्ट राताखार कोरबा में आयोजित किया जा रहा है जिससे भारत के विभिन्न राज्यों से आएं दादी भक्तों का भी सानिध्य प्राप्त होगा।

यह जानकारी देते हुए आशीष मोदी, प्रकाश अग्रवाल, अरूण बजाज एवं कृष्ण गोपाल मित्तल ने पत्रकारवार्ता में आगे कहा कि उक्त कार्यक्रम के तहत 27 दिसंबर शनिवार को सुबह 9 बजे पंचदेव मंदिर पुराना बस स्टैंड कोरबा से शोभा यात्रा एवं पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें 651 मनोकामना निशान एवं 151 कलश के साथ उक्त शोभा यात्रा पुराना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड, सुनालिया ज्वेलर्स होते हुए जश्न रिसोर्ट पहुंचेगी तत्पश्चात शाम 4 बजे से तेजस राणा , मनोज शर्मा, प्रियंका गुप्ता, अपर्णा अग्रवाल के सुमधुर स्वरों के साथ दादी के गुणगानों की भजनसंध्या का आयोजन किया गया है 28 दिसंबर रविवार को 3100 दादी भक्त महिलाओं, पुरषों बच्चों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय भजन गायक एवं मंगल पाठ वाचक केशव-सौरभ मधुकर के साथ संगीत मय मंगलपाठ का वाचन किया जावेगा मंगल पाठ के दौरान भक्तों द्वारा सवमणी एवं 56 भोग अर्पित किया जाएगा मंगल पाठ के साथ साथ विभिन्न आकर्षक झांकी, चुनरी समर्पण तथा 12 महिनों के त्योहार का प्रतिकात्मक रूप से प्रस्तुति दी जावेगी। मंगलपाठ हेतु 501/-, दादी का खजाना 101/-, सवामणी 5100/- एवं छप्पन भोग हेतु 7100/- रूप का प्रतिकात्मक सहयोग राशि रखी गई है। उक्त कार्यक्रम में कलकत्ता, दिल्ली, राउरकेला, झारसुगुड़ा, रायगढ़ रायपुर, अम्बिकापुर, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, भाटापारा, खरसिया, नैला अकलतरा मनेन्द्रगढ़ जगहों से दादी भक्तों की उपस्थिति सुनिश्चित हो चुकी है। सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान बहार से आने वाले दादी भक्तों के रहने एवं भोजन की व्यवस्था नमो नारायणी समिति द्वारा रखी गई।

## सुखसागर बना अग्निवीर गांव में जश्न का माहौल



**कोरबा।** विकासखंड कोरबा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अखरापाली निवासी सुखसागर पटेल का भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के अंतर्गत चयन होने से पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि समस्त ग्रामवासियों के लिए सम्मान और प्रेरणा का विषय बन गई है। सुखसागर पटेल के चयन और पोस्टिंग अंडमान निकोबार में हुआ है इसकी सूचना मिलते ही गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्रामीण ढोल-नगाड़ों और बाजा-गाजा के साथ एकत्रित हुए और भव्य रूप से उनका स्वागत किया। फूल-मालाओं से सम्मानित करते हुए मिठाइयाँ बांटी गईं और सभी ने उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक प्रवीण कुमार पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि बीरू लाल पाटले,समस्त क्षेत्रवासी एवं प्रमुख रूप से वीरेंद्र साहू, रूपेश कुमार पटेल, कामेश कुमार पटेल, गजेंद्र कुमार साहू, दीपक कुमार साहू, भोला साहू, शत्रुघ्न पटेल एवं भरत पटेल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पोलियो अभियान में बालको की भागीदारी, 757 बच्चों को पिलाई दवा

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में भागीदारी निभाई। बालको अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक सिन्हा के नेतृत्व में 757 से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। अभियान की शुरुआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार की उपस्थिति में अस्पताल से की गई। अस्पताल के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीमों ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाया।



बालको अस्पताल द्वारा 10 से अधिक प्रमुख स्थानों पर अस्थायी शिविर एवं चलित मोबाइल वैन के माध्यम से टीकाकरण किया गया। इनमें बालको अस्पताल सहित भदरापारा, कैलाश नगर, परसाभाठा, चेकपोस्ट, सतनाम नगर, , दैहानपारा, बालको बस स्टैंड, बेलगिरी बस्ती, सेक्टर-3 दुर्गापूजा पंडाल तथा सेक्टर-4 गैस एजेंसी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मोबाइल वैन के माध्यम से भी विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। साथ ही आगामी दो दिन 'डोर टू डोर' अभियान चलया जा रहा है ताकि कोई भी बच्चा पोलियो टीकाकरण से वंचित न रहे। अभियान के दौरान विशेष रूप से बस स्टैंड और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में शिविर लगाए गए, जिससे यात्रा कर रहे परिवारों के बच्चों को भी दवा पिलाई जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के महत्व के प्रति जागरूक भी किया गया।

बालको अस्पताल, कंपनी के कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, ठेका श्रमिकों एवं स्थानीय नागरिकों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। है। अस्पताल में 10 आईसीयू और 6 पीडियाट्रिक्स आईसीयू बेड मौजूद है जहां गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों का इलाज एमडी मेडिसिन की देखरेख में किया जाता है। बालको अस्पताल हर वर्ष छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर एवं जांजगीर-चांपा जिलों से लाखों मरीजों को लाभ पहुंचा रहा है। बालको अस्पताल सरकार द्वारा संचालित सभी राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कर सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से निभा रहा है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com